

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | sabsetejprj2023@gmail.com बुधवार , 08 जुलाई 2026 | वर्ष: 04, अंक: 108 पृष्ठ: 08, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# भारत-इंडोनेशिया में हुई द्विपक्षीय वार्ता, रणनीतिक साझेदारी पर सहमति

## मैं मोदी का करियर कॉपी करता हूं: इंडोनेशियाई राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री मोदी इंडोनेशिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित

**जकार्ता/एजेंसी**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को इंडोनेशिया की संसद को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और इंडोनेशिया के लिए अनेक क्षेत्रों में असीम अवसर मौजूद हैं और तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्था में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार अब और टाला नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि दोनों देश स्वाभाविक साझेदार हैं और भारत उपग्रह प्रक्षेपण प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में इंडोनेशिया को हरसंभव सहयोग देने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज वैश्विक व्यवस्था तेजी से बदल रही है और भारत एवं इंडोनेशिया जैसे विकासशील देश समान भागीदारी और अधिक भूमिका की अपेक्षा रखते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का दृढ़ विश्वास है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की प्रक्रिया में अब और देरी नहीं होनी चाहिए, ताकि वैश्विक संस्थाएं वर्तमान वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित कर सकें। उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया भविष्य के स्वाभाविक साझेदार हैं तथा दोनों देशों के बीच व्यापार, प्रौद्योगिकी, नवाचार और सामरिक सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। भारत इंडोनेशिया को उपग्रह प्रक्षेपण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग देने के लिए तैयार है और अंतरिक्ष सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाना चाहता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत मुक्त, खुला और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र का प्रबल समर्थक है तथा समुद्री मार्गों की स्वतंत्रता में विश्वास रखता है। उन्होंने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट नीति पूरी तरह आसियान केंद्रित है और आसियान की केंद्रीय भूमिका भारत की इंडो-पैसिफिक नीति का आधार है। आतंकवाद के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया हमेशा एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं।





### दोनों नेताओं ने नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाइ

**जकार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के बीच मंगलवार को हुई द्विपक्षीय वार्ता में दोनों देशों ने रक्षा, समुद्री सुरक्षा, व्यापार, निवेश, डिजिटल प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, ऊर्जा, स्वास्थ्य, कृषि और महत्वपूर्ण खनिजों सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई गति देने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं ने मुक्त, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई।

प्रधानमंत्री मोदी की राजकीय यात्रा के दौरान इस्ताना मदेर्का (राष्ट्रपति भवन) में राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने उनका औपचारिक स्वागत किया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। जनवरी 2025 में भारत के 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो की भारत यात्रा के बाद दोनों नेताओं की यह पहली द्विपक्षीय बैठक थी।

#### दोनों नेताओं के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई

दोनों नेताओं के बीच सीमित और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई, जिसमें व्यापार एवं निवेश, रक्षा एवं सुरक्षा, समुद्री सहयोग, डिजिटल और वित्तीय प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, स्वास्थ्य एवं औषधि, अंतरिक्ष, महत्वपूर्ण खनिज एवं रेयर अर्थ, संस्कृति, पर्यटन, कृषि तथा जन-से-जन संपर्क सहित व्यापक रणनीतिक साझेदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा की गई। वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने भारत के ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) की तर्ज पर इंडोनेशिया ओपन नेटवर्क (आईओएन) की शुरूआत का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2027 में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की इंडोनेशिया यात्रा के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर दोनों देशों द्वारा संयुक्त रूप से टैगोर-देवांतरा सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कूटनीति वर्ष मनाने की घोषणा भी की।

### आतंकवाद पर भारत को मिला इंडोनेशिया का साथ

पिछले वर्ष पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद इंडोनेशिया ने भारत के साथ एकजुटता दिखाई, जिसके लिए उन्होंने आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दोनों देश संयुक्त कार्य समूह के माध्यम से आतंकवाद के खिलाफ सहयोग को और मजबूत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और मदर ऑफ डेमोक्रेसी है, जबकि इंडोनेशिया विश्व का तीसरा सबसे बड़ा लोकतंत्र है। दोनों देशों ने विविधता को अपनी लोकतांत्रिक एकता की नींव बनाया है और यही साझा मूल्य दोनों देशों के संबंधों की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया केवल समुद्र ही साझा नहीं करते बल्कि दोनों देशों का साझा इतिहास, संस्कृति और सभ्यतागत विरासत भी है। रामायण, महाभारत, नालंदा, बोरोबुदुर, प्रम्बानन मंदिर, गरुड़ और बाली की सांस्कृतिक परंपराएं दोनों देशों को सदियों से जोड़ती रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने इंडोनेशिया की स्वतंत्रता की लड़ाई में भी संयुक्त राष्ट्र में उसका मजबूत समर्थन किया था।



### भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था: पीएम मोदी

मोदी ने कहा कि पिछले दो दशकों में इंडोनेशिया की अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय प्रगति की है, वहीं भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और पिछले एक दशक में 25 करोड़ से अधिक भारतीय गरीबी से बाहर निकले हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 25 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है तथा इंडोनेशिया में 100 से अधिक भारतीय कंपनियां कार्यरत हैं लेकिन सहयोग की संभावनाएं अभी भी असीम हैं। ब्रिक्स का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष इंडोनेशिया इसका पूर्ण सदस्य बना और इस वर्ष भारत इसकी अध्यक्षता कर रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों देश मिलकर ब्रिक्स को अधिक व्यवहारिक, संतुलित और ग्लोबल साउथ की जरूरतों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने की दिशा में कार्य कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर गंगा-महाकम विजन प्रस्तुत करते हुए भारत-इंडोनेशिया साझेदारी के लिए चार प्रमुख स्तंभों का प्रस्ताव रखा।

## ई20 पेट्रोल के कारण किसी भी गाड़ी को कोई समस्या नहीं हुई : नितिन गडकरी

**नई दिल्ली/एजेंसी**
केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई20) की बिक्री पर हो रही आलोचनाओं का जवाब दिया। उन्होंने आलोचकों को चुनौती दी कि वे एक भी ऐसी गाड़ी का नाम बताएं जिसे मिश्रित ईंधन से परेशानी हुई हो। गडकरी ने विकसित भारत कॉन्क्लेव में कहा कि भारत की जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता एक आर्थिक बोझ है। ईंधन आयात पर सालाना 22 लाख करोड़ रुपये खर्च होते हैं। यह पर्यावरण के लिए भी खतरा है, इसलिए स्वच्छ ऊर्जा अपनाना देश की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है।

**क्या इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से गाड़ियों को नुकसान होता है?**
गडकरी ने कहा कि ई20 पेट्रोल के कारण किसी भी गाड़ी को कोई समस्या नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि उच्च इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के उपयोग को लेकर झूठी बातें फैलाई जा रही हैं। उन्होंने इसे भुगतान किए गए अभियान बताया। भारत ने पहले ही पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लिया है। यह गन्ने, मक्का या चावल जैसे बायोमास से बनता है। इससे आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम हुई है और कार्बन उत्सर्जन में भी कटौती हुई है।

**क्या भारत में ईंधन चुनने का विकल्प है?**
भारत में वाहन मालिकों के पास पेट्रोल पंप पर अलग-अलग ईंधन चुनने का विकल्प नहीं है।




4



1

# डीएम ने की नगर-निकाय एवं डूडा के कार्यों की प्रगति की समीक्षा

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी ।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज कार्यालय कक्ष में नगर पालिका परिषद/नगर पंचायतों के निर्माण कार्यों एवं डूडा के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत नगर-निकायों में कराए जा रहें कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान नगर पालिका परिषद मंझनपुर,भरवारी,दारानगर,चरवा, करारी एवं अजुहा में कार्य लंबित/अनारम्भ पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित अधिशासी अधिकारियों को सभी कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने 15वॉ वित्त आयोग, वंदन योजना, नगरोदय योजना, आकांक्षी नगर योजना एवं सीवरेज व जल निकासी योजना आदि के अन्तर्गत निकायवार कराए जा रहें कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराई जाए। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्माण कार्यों का प्रभावी अनुश्रवण करने एवं मौके पर भ्रमण करने के भी निर्देश देते हुए कहा कि समय से टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराए जाए।

जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद, मंझनपुर के अंतर्गत निमार्णाधीन कान्हा गौशाला एवं



कल्याण मंडपम के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने नगर निकाय में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित बनाएं रखी जाए। नालियों की साफ-सफाई करा लिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी नालियां ढकी रहे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आमजन को मोबाइल नंबर जारी किया जाए, जिससे आमजन अपनी शिकायतें दर्ज करा सके,प्राप्त इन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाए।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों से परिषदीय विद्यालयों में कराए जा रहे आधारभूत कार्यों की प्रगति जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि कार्य गुणवत्तापूर्ण कराए जाए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि खण्ड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से विद्यालयों की जांच कर लिया जाए, कोई विद्यालय जर्जर या किसी विद्यालय की छत टपक तो नहीं रही है, आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करा लिया जाए।

जिलाधिकारी ने नगर पंचायत पश्चिम शरीरा, दारानगर एवं चायल में निमार्णाधीन पेयजल परियोजनाओं के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य, पाइपलाइन बिछाने का कार्य आदि में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए टेक्निकल टीम गठित कर जांच कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सहायक अभियंता, जल निगम (नगरीय) को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## ऑनलाइन धोखधड़ी से संबंधित 85 हजार रुपए आवेदक के खाते में वापस कराए गए

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी ।** आवेदक बृजभूषण सिंह पुत्र छत्रपाल सिंह निवासी व थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी द्वारा सूचना दी गयी कि बैंक आफ बडौदा के क्रेडिट कार्ड के माध्यम से दिनांक 01.07.2026 को 85,794 रूपयों की धोखाधड़ी कर ली गयी है ।जिसके सम्बन्ध में आवेदक की शिकायत एनसीआरपी पोर्टल पर शि0सं0 33107260153755 दर्ज कर जाँच प्रारम्भ की गयी थी।



पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में साइबर अपराधियो के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के परिणाम स्वरूप साइबर क्राइम थाना जनपद कौशाम्बी द्वारा कार्यवाही करते हुये आवेदक बृजभूषण सिंह के 85,794/- रूपया को उनके खाते में वापस कराया गया । आवेदक द्वारा धोखाधड़ी हुयी राशि प्राप्त होने पर कौशाम्बी पुलिस का आभार प्रकट किया गया ।

## बाघ मित्र गुलदार से बचाव व वन्यजीवों के साथ सुरक्षित व्यवहार का करेंगे प्रशिक्षण प्राप्त

**सबसे तेज प्रयागराज**
**बिजनौर,** वन महोत्सव-2026 के सातवें दिन मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट से इंदिरा पार्क तक प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में एनसीसी कैडेट्स, आरजेपी कॉलेज, केपीएस, प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन, रूट्स पब्लिक स्कूल तथा पर्यावरण प्रहरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया। जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अपने संबोधन में उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने, प्रदूषण कम करने तथा प्रत्येक बच्चे से एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधा लगाकर उसका संरक्षण एवं पालन-पोषण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने जनपद की सभी रेंजों से चयनित 24 बाघ मित्रों को पीलीभीत टाइगर रिजर्व में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए रवाना होने वाली गाड़ी को भी हरी झंडी दिखाई। प्रशिक्षण के दौरान बाघ मित्र गुलदार से बचाव एवं वन्यजीवों के साथ सुरक्षित व्यवहार के तरीकों का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, जिसके बाद वे जनपदवासियों को भी जागरूक करेंगे। प्रभागीय निदेशक जय सिंह कुशवाहा ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने और लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। प्रभात फेरी में क्षेत्रीय वन अधिकारी महेश गौतम, नीतीश कुमार, रचित चौधरी, हिमानी, मोतीलाल, हेमेंद्र सिंह सहित वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं पर्यावरण प्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उधर मेडिकल अस्पताल में वन विभाग और स्वास्थ्य विभाग क्या अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।



## श्रीराम कथा में रामायण के आदर्श पात्रों का हुआ भावपूर्ण वर्णन

**सबसे तेज प्रयागराज**
**बिजनौर,** मुख्यालय बिजनौर स्थित काकरान वाटिका में आयोजित श्री राम कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के दौरान पूरा पंडाल जय श्री राम के उद्घोष और भक्ति रस में सराबोर रहा। व्यास पीठ से योगेंद्र माधव भारद्वाज जी महाराज ने वाल्मीकि, श्रीराम, हनुमान, भरत, शत्रुघ्न सहित रामायण के विभिन्न पात्रों के आदर्श चरित्रों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की सर्वोत्तम प्रेरणा है। इसके प्रत्येक पात्र से त्याग, सेवा, कर्तव्यनिष्ठा और धर्म पालन की सीख मिलती है। कथावाचक ने अपने प्रवचन में सनातन धर्म की एकता पर बल देते हुए समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और राष्ट्रहित की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर योग्य नेतृत्व का चयन करना चाहिए। कथा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव से उपस्थित होकर भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का श्रवण किया।कथा समिति के पदाधिकारी एवं स्वयंसेवक पूरे आयोजन की व्यवस्थाओं में सक्रिय रहे।




## युवक गिरफ्तार, कब्जे से एक तमंचा व चार जिन्दा कारतूस बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी थरियांव के कुशल पर्यवेक्षण में थाना असोथर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम बेसड़ी नहर के पास से अभियुक्त संतोष कुमार पुत्र स्व. भूरा यादव, निवासी ग्राम बेसड़ी, थाना असोथर, जनपद फतेहपुर, उम्र लगभग 37 वर्ष, को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर एवं चार अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुए।




## हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर ।** चार जुलाई को थाना खागा पर वादिनी श्रीमती संगीता देवी पत्नी नीरज यादव निवासी अजनई कुम्भीपुर थाना खागा जनपद फतेहपुर द्वारा दी गई तहरीरी सूचना के आधार पर भीम सिंह पुत्र गेंदा उम्र 48 वर्ष .श्याम सिंह पुत्र भीम सिंह उम्र 25 वर्ष .ननकी देवी पत्नी भीम सिंह उम्र 45 वर्ष निवासीगण अजनई कुम्भीपुर थाना खागा जनपद फतेहपुर के द्वारा, बारिश का पानी निकालने को लेकर वादिनी के घर पर आकर गाली गलौज करना गाली देने से मना करने पर वादिनी के पति नीरज यादव के ऊपर जान से मारने कि नियत से कुल्हाडी से वार कर देना जिससे पति के घायल हो जाने व वादिनी संगीता को गाली गलौज करना व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में स्थानीय थाना पर मु0अ0सं0 243/26 धारा 352/351(3)/109 बीएनएस पंजीकृत किया गया ।




पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में व श्रीमान- अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में वांछित अभियुक्त भीम सिंह पुत्र गेंदालाल निवासी ग्राम अजनई थाना खागा जनपद फतेहपुर उम्र करीब 48 वर्ष को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

## अवैध शराब बेचने वाले गिरफ्तार, कब्जे से 3 पेटी शराब बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर ।** एसपी अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों/शराब की बिक्री व तस्करी करने वाले अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना किशनपुर पुलिस द्वारा दिनांक 06.07.2026 को चन्दापुर रोड बहदग्राम चन्दापुर थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर से अभियुक्त अंकित सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी ग्राम दसईपुर मजरे गढ़ा थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर उम्र करीब 23 वर्ष को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 03 पेटी (कुल 72 बोतल) बरामद किया ।बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 187/2026 धारा 60 ए७. अू३ का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गयी है।



***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता:-***
1. अंकित सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी ग्राम दसईपुर मजरे गढ़ा थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर उम्र करीब 23 वर्ष ।

***गिरफ्तारी का स्थान दिनांक व समय:-***
चन्दापुर रोड बहदग्राम चन्दापुर थाना किशनपुर दिनांक 06.07.2026, समय 16.35 बजे

***गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:-***
1.उ0नि0 चन्द्रपाल सिंह थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर ।
2.उ0नि0 घनश्याम
3.का0 अनुज राजपूत।

## शीतला धाम आषाढ़ मेला के दृष्टिगत एएसपी ने किया मेला क्षेत्र का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी ।** मंगलवार को माता शीतला धाम, कड़ा धाम में आयोजित आषाढ़ मेला-2026 के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी श्रीमती अमिता सिंह द्वारा मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेला परिसर, मंदिर क्षेत्र, घाटों, प्रमुख मार्गों, बैरिकेडिंग, पार्किंग स्थल, खोया-पाया केन्द्र, कंट्रोल रूम तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का जायजा लेते हुए ड्यूटी पर तैनात



पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, महिला सुरक्षा तथा आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी व्यवस्थाओं को सतर्क एवं सक्रिय बनाए रखने के निर्देश दिए।

अपर पुलिस अधीक्षक ने मेला में स्थापित विभिन्न सहायता केन्द्रों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए श्रद्धालुओं से संवाद भी किया तथा उनसे प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं के साथ विनम्र एवं संवेदनशील व्यवहार किया जाए तथा किसी भी सूचना या शिकायत पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जनपद कौशाम्बी पुलिस, पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के नेतृत्व में आषाढ़ मेला-2026 को सकुशल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित संपन्न कराने हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्यरत है।

# अति कुपोषित, बच्चों व एनिमिया प्रभावित महिलाओं को संचालित योजनाओं का मिले लाभ- जसजीत कौर

**संजीव विश्वकर्मा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में मंगलवार की दोपहर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने उपस्थिति अधिकारियों को कुपोषण एवं अति कुपोषण से ग्रसित बच्चों तथा एनीमिया से प्रभावित गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की समयबद्ध पहचान कर उन्हें शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दियें जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहाँ कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर नियमित रूप से वजन एवं लंबाई का मापन किया जाए तथा प्रत्येक पात्र लाभार्थी का विवरण पोषण ट्रैकर पर समय से अपडेट किया जाए। उन्होंने सभी सीडीपीओ को माइक्रो प्लान के अनुसार कार्य करते हुए पोषण अभियान की



गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सैम एवं मैम बच्चों का समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत चिन्हांकन किया जाए तथा ऐसे बच्चों के उपचार, नियमित फॉलोअप एवं पोषण पुनर्वास की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने उत्तराखंड सीमा से लगे ग्रामों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति की भी समीक्षा की तथा वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन आंगनबाड़ी केंद्रों पर फर्नीचर अथवा अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध नहीं है, वहां प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक सामग्री एवं फर्नीचर की खरीद सुनिश्चित कर सभी केंद्रों को आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाए।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करते हुए निर्धारित समयावधि में लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कप्तान ने थाना संदीपनघाट पर अर्दली रूम आयोजित कर लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की

**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी ।** पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण द्वारा थाना संदीपनघाट पर अर्दली रूम का आयोजन कर थाना स्तर पर संचालित विभिन्न कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई।
इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती अमिता सिंह भी मौजूद रही।
समीक्षा के दौरान थाना के समस्त विवेचकों की लंबित विवेचनाओं, प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण, जनसुनवाई प्रकरणों तथा अपराध नियंत्रण संबंधी कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए लंबित मामलों का शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला संबंधी अपराधों, साइबर अपराधों, वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। साथ ही विवेचनाओं में गुणवत्ता बनाए रखने एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।
इसके अतिरिक्त थाना अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, बीट पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने, नियमित गश्त, अपराध एवं अपराधियों पर सतत निगरानी तथा आमजन के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर जनविश्वास को सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए गए।

पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित करते हुए जनसुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क एवं उत्तरदायी होकर कार्य करने के निर्देश दिए।

## करारी पुलिस द्वारा चोरी की घटना में 3 अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी ।** दो जुलाई को थाना करारी पर वादिनी नसरीन पत्नी जुल्फकार निवासिनी हिसामपुर डेरा थाना करारी जनपद कौशाम्बी द्वारा सूचना दी गयी कि बीती रात्रि में उनके घर के सामने बधे 2 बकरी व 04 बकरे अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया है ।




मंगलवार को थाना करारी पुलिस टीम द्वारा गस्त/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश में आये 03 अभियुक्तों 1. अनीश पुत्र सुदन्ने निवासी ग्राम बैनामऊ थाना माखी जनपद उन्नाव 2. सफीक पुत्र मो0 सरीक निवासी बड़ा चौराहा बुधवारी थाना कोतवाली नगर जनपद उन्नाव 3. निसार पुत्र स्व0 अली हसन निवासी ग्राम बैगांव थाना पूर्वा जनपद उन्नाव को हिसामपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के बकरा बकरी को बेचकर मिले रूपयों में से बचे हुये 9840 रुपए बरामद किया गया तथा घटना में प्रयुक्त एक चार पहिया वहन सीज किया गया।

## पश्चिम शरीरा पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट आरोपी गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** दो दिन पहले थाना पश्चिम शरीरा पर वादिनी द्वारा सूचना दी गयी कि मेरी नाबालिग पुत्री को अभियुक्त आरिफ द्वारा घर में घुसकर छेड़खानी की गयी है तथा जब मेरे द्वारा उसके घर पर जाकर इसकी शिकायत की गयी तो उसके व उसके पिता द्वारा गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी दी गयी । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पश्चिम शरीरा में तत्काल सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था । उपरोक्त क्रम में मंगलवार को थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर खास की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त आरिफ पुत्र मुस्तफा ग्राम छिमिरछा थाना करारी जनपद कौशाम्बी को जजौली रोड़ टावर के पास से गिरफ्तार किया गया है ।




# अयोध्या में चंदा चोरी के खिलाफ कांग्रेस ने निकाली सद्बुद्धि यात्रा

**सबसे तेज प्रयागराज**
**ब्यूरो चीफ**
**कौशांबी ।** चायल विधानसभा अन्तर्गत नगर पंचायत चरवा में जिलाध्यक्ष कांग्रेस गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में "सद्बुद्धि पदयात्रा" निकाल कर रामनगरी अयोध्या में हुए चढ़ावा चोरी के खिलाफ अपना प्रदर्शन जन जन तक पहुंचाया इस दौरान जिला अध्यक्ष कांग्रेस गौरव पाण्डेय ने कहा कि भाजपा संरक्षित तमाम जिम्मेदारों ने भगवान राम के भक्तों की आस्था को आहत किया है और भाजपा अब उन्हें बचाने में लगी हुई है इसी क्रम में आज हमने इस पदयात्रा के माध्यम से जन जन को यह बताया कि वर्तमान भाजपा सरकार ने पहले अयोध्या में जमीन घोटाले किए फिर उसके निर्माण में और अब सारी सीमाओं को पार करते हुए लोगों ने अपनी आस्था और श्रद्धा से भगवान को चढ़ाया उसमें भी घोटाला और चोरी यह सरासर देश की जनता के साथ धोखा है इस सरकार ने भगवान को भी नहीं छोड़ा ! हम कांग्रेसजन यह मांग करते है कि



दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही हो ! अन्यथा हम कांग्रेसजन इससे भी बड़ा जन आंदोलन करेंगे।

प्रदर्शन में मुख्य रूप से आचार्य भूपेंद्र शुक्ला,आचार्य रोहित पाण्डेय,पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी,जिला उपाध्यक्ष राम सूरत रैदास,ब्लाक अध्यक्ष नेवादा रावेंद्र यादव,ब्लाक अध्यक्ष मंझनपुर प्रदीप सिंह पटेल,प्रियांशु त्रिपाठी,रफीक अहमद,जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला,श्याम सिंह भदौरिया, सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय, नगर अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय,सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा,व्यापार मंडल अध्यक्ष कैलाश केसरवानी,किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष मनोज शुक्ला,कल्लू पाण्डेय,फ्ळक अध्यक्ष आयूष यादव,हर्ष पाण्डेय,हर्षित सिंह,सूरज सरोज ,रमेश यादव,राजकुमार यादव,सुखलाल यादव,गोकुल प्रसाद,छोटे लाल रैदास,कल्लू गौतम,विजय कुमार,गिरीश गौतम,अवधेस कुमार,संदीप रैदास, सत्तू पाण्डेय,वैभव मिश्रा,अविनाश शुक्ला,विकास कुमार,अमित पाण्डेय,बड़का रैदास राकेश पाल,गुलजारी केसरवानी सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

# डीजीपी रेलवे ने की अपराध समीक्षा, पत्थरबाजी, ट्रैक अवरोध करने के खिलाफ कार्रवाई के दिए निर्देश

**सबसे तेज प्रयागराज**

**इटावा ।** पुलिस महानिदेश रेलवे प्रकाश डी. द्वारा पुलिस महानिरीक्षक रेलवे प्रयागराज, एन. कोलांची, पुलिस अधीक्षक रेलवे, प्रयागराज प्रशांत वर्मा व पुलिस अधीक्षक रेलवे, झांसी विपुल श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति में पुलिस लाइन जनपद इटावा स्थित सभागार कक्ष में जीआरपी के चिन्हित थाना/चौकियों की अपराध गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में चोरी/स्नैचिंग, जहरखुरानी, ट्रेनों पर पत्थरबाजी, ट्रैक अवरोध, ट्रैक पेट्रोलिंग, मिशन शक्ति अभियान आदि की समीक्षा करते हुए निम्नलिखित बिंदुओं पर निर्देशित किया गया। विवरण निम्नवत है-




ड्ड यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत थाना/चौकी प्रभारी को किसी भी प्रकार की कोई घटना (छेड़खानी, जहरखुरानी, चोरी, छिनैती आदि) ट्रेनों, प्लेटफार्मों पर घटित ना हो इसके लिए विशेष कार्य योजना बनाते हुए पूर्ण निगरानी रखकर सतर्कता बरतते हुए कार्य सरकार संपादन करने हेतु निर्देशित किया गया।

ड्ड पत्थरबाजी की घटनाओं व रेलवे ट्रैक अवरोध के मामलों को संज्ञान में लेकर जीरो टॉलरेंस पर कार्य करते हुए इससे निपटने हेतु समस्त चौकी/थाना प्रभारी को विशेष कार्य योजना बनाने हेतु निर्देशित किया गया।

ड्ड डीजीपी रेलवे द्वारा कुली/वेण्डर/सफाई कर्मी/ई-रिक्शा/ऑटो रिक्शि व सक्रिय/पूर्व अपराधी के सत्यापन हेतु थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया।

ड्ड डीजीपी रेलवे द्वारा हाल ही में डीजीपी उ0प्र0 द्वारा पेश किए गए 'यक्ष' ('ँ) ऐप की उपयोगिता को बताते हुए सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये । यक्ष ऐप से तकनीक के माध्यम से अपराधियों की तत्काल पहचान और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने हेतु निर्देशित किया गया।

ड्ड ऑपरेशन मुस्कान/ऑपरेशन मिशन-शक्ति एवं ई-साक्ष्य/जीरो एफ आई आर /मानव संपदा/ऑपरेशन दहन आदि की समीक्षा करते हुए प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। अपराधियों को चिन्हित करने, संवेदनशील स्थानों की सूची बनाकर जन जागरूकता अभियान के माध्यम से रेलवे ट्रैक के आसपास रहने वाले नागरिकों को जागरूक किया जाने हेतु कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। डीजीपी रेलवे द्वारा थाना/चौकी प्रभारियों से ट्रेन में लगने वाले स्कोर्टों की समीक्षा करते हुए पूर्व निर्धारित प्रणाली के अनुसार ड्यूटी लगाते हुए स्कोर्ट ड्यूटी को भलीभांति ब्रीफ के उपरान्त सुरक्षा संबंधी उपकरण (शस्त्र, बाडीवार्न कैमरा, ब्लूटूथ स्पीकर आदि) के साथ रवाना करने हेतु निर्देशित किया गया।

## छिवकी रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने अवैध अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर को दबोचा




**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** जीआरपी प्रयागराज और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने छिवकी रेलवे स्टेशन पर कार्रवाई करते हुए एक शराब तस्कर को अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में चोरी, छिनैती, अवैध तस्करी और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी रेलवे अरुण कुमार पाठक के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक जीआरपी प्रयागराज अकलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

उपनिरीक्षक रामकरन सिंह, प्रभारी चौकी जीआरपी छिवकी, एवं आरपीएफ की संयुक्त टीम ने मंगलवार को सुबह करीब 11:20 बजे छिवकी रेलवे जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर दिल्ली छोर स्थित बेंच के पास से अभियुक्त अभोय बागची उर्फ अभय बागची को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। जीआरपी ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## इफको फूलपुर कार्डेट में उन्नति खेती के लिए किसानों का चार दिवसीय प्रशिक्षण सुरू

**इफको नैनो उर्वरकों के प्रयोग से बेहतर खेती के किए उपयोगी**



**मौजी लाल रावत**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** मंगलवार इफको कार्डेट फूलपुर में विभिन्न प्रदेशों के उन्नतिसील किसानों के किए चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमे उत्तर प्रदेश राज्य समेत 10 हिंदी भाषी राज्यों ( बिहार ,छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड ) से आए कुल 52 कृषकों का इफको नैनो उर्वरकों ( नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी, नैनो जिंक, नैनो कापर ) के संतुलित एवं कुशल उपयोग हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम मोतीलाल नेहरू फार्मर्स ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट कार्डेट फूलपुर में किया गया।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के दौरान कार्डेट फूलपुर के प्रधानाचार्य डॉ. विवेक दीक्षित ने आए हुए सभी कृषकों का स्वागत किया एवं उन्हें कार्डेट के इफको के क्रियाकलापो से परिचित कराया। साथ ही यह जानकारी दी कि इस चार दिवसीय विशेष कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में मृदा परीक्षण की उपयोगिता, खरीफ फसलों में नैनो उर्वरकों तथा जैव उर्वरकों एवं इफको के अन्य उत्पादों के प्रयोग , मौन पालन , पशुपालन एवं आधुनिक कृषि में ड्रोन के महत्व जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई। इसी क्रम में उन्होंने जानकारी दी कि इफको सहकारिता के क्षेत्र में काम करने वाली एक अनोखी संस्था है जो देश के किसानों के बीच उत्कृष्ट कार्य कर रही है। इस दौरान कॉर्डेट की वरिष्ठ अधिकारी श्रीमती सविता शुक्ला, मृदा वैज्ञानिक डॉ. हरिश्चंद्र नीम तेल संयंत्र एवं आईआरडीपी प्रभारी राजेश कुमार सिंह , प्रभारी प्रशिक्षण मुकेश तिवारी सहित कारडेट के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बमरौली बमबाजी-फायरिंग कांड: मुख्य आरोपी सलीम गिरफ्तार

**तमंचे से गोली चलाने और बम फेंकने की बात आई सामने, अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के बमरौली गांव में 5 जुलाई को हुई बमबाजी और फायरिंग की सनसनीखेज वारदात में पुलिस ने मुख्य आरोपी सलीम को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि वह अवैध तमंचा लेकर मौके पर पहुंचा था और उसी से फायरिंग की थी। पुलिस के अनुसार, उसने बम भी चलाए। हालांकि पूछताछ के दौरान सलीम खुद पर हमला होने का दावा करता रहा, लेकिन जब उससे तमंचा और बम लेकर पहुंचने के बारे में सवाल किए गए तो वह कोई जवाब नहीं दे सका।

पीड़ित मशरूर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 5 जुलाई की शाम करीब 6:30 बजे अपने भाइयों सोनू और मशूद के साथ बमरौली स्थित अमरूद के बाग में गया था। वहां पहले से घात लगाए बैठे सलीम, अबु उजैफा, अबु तलहा, दानिश, शमशुलऐन, शोऐब, एहतेशाम और दो अज्ञात लोगों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। हमलावरों में तीन लोग कट्टा लिए हुए थे। मशरूर के मुताबिक, जान बचाकर वह अपनी थार गाड़ी की ओर भागा। इसी दौरान उसका भाई सोनू जैसे ही गाड़ी में बैठा, सलीम, अबु उजैफा और अबु तलहा ने बम और गोलियां चलानी शुरू कर दीं, जिससे थार क्षतिग्रस्त हो गई।

पुलिस के अनुसार, इस मामले में सात नामजद समेत कुल नौ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज है। अभी छह अन्य नामजद आरोपी फरार हैं। सूत्रों के अनुसार, अधिकांश आरोपी एक ही परिवार के हैं और माफिया अतीक अहमद के शूटर रहे आबिद प्रधान के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। इनके खिलाफ कुछ दिन पहले भी एक युवक को रास्ते में रोककर मारपीट करने और वाहन में तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज हुआ था। 5 जुलाई की शाम हुई इस घटना से बमरौली गांव में दहशत फैल गई थी। आरोप है कि सलीम ने पहले थार गाड़ी को निशाना बनाकर दो बम फेंके और फिर फायरिंग की। पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ।पूरामुफ्ती थाना प्रभारी अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि सलीम को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में नामजद अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

## शादी से इन्कार पर 50 फीट ऊंचे हाई वोल्टेज टावर पर चढ़ा कोचिंग संचालक

**छात्रा से शादी की जिद पर चार घंटे तक चला हाईवोल्टेज ड्रामा, पुलिस ने समझाकर नीचे उतारा; शांति भंग में कार्रवाई**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** मऊआइमा थाना क्षेत्र में कोचिंग में पढ़ने वाली छात्रा के शादी से इन्कार करने पर कोचिंग संचालक मंगलवार सुबह करीब 50 फीट ऊंचे हाई वोल्टेज टावर पर चढ़ गया। करीब चार घंटे तक चले हाई प्रोफाइल ड्रामे के बाद पुलिस ने समझा-बुझाकर उसे सुरक्षित नीचे उतारा। इसके बाद युवक को थाने ले जाकर शांति भंग की कार्रवाई की गई।

मऊआइमा क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला युवक गांव में ही कोचिंग का संचालन करता है। उसकी कोचिंग में पड़ोसी गांव की 12वीं की छात्रा पिछले दो वर्षों से पढ़ रही थी। इसी दौरान दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और युवक छात्रा से प्रेम करने लगा। करीब दो माह पहले उसने छात्रा के सामने शादी का प्रस्ताव रखा, लेकिन छात्रा ने इन्कार कर दिया। मामला दोनों परिवारों तक पहुंचा, जहां बातचीत के बाद समझौता करा दिया गया। बताया जाता है कि सोमवार शाम युवक का घर में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। मंगलवार तड़के करीब चार बजे वह मुंबई जाने की बात कहकर घर से निकला और सुबह करीब पांच बजे छात्रा के गांव पहुंचकर हाई वोल्टेज टावर पर चढ़ गया। ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची मऊआइमा पुलिस ने युवक को काफी देर तक समझाने का प्रयास किया। इस दौरान युवक मोबाइल पर बात करते हुए शादी नहीं होने पर जान देने की धमकी देता रहा।

करीब साढ़े नौ बजे पुलिस की समझाइश के बाद युवक नीचे उतर आया। उसे थाने लाया गया, जहां उसने पुलिस को दस पन्नों का एक पत्र दिखाते हुए दावा किया कि छात्रा भी उससे प्रेम करती है। हालांकि पुलिस के बुलाने पर थाने पहुंचे छात्रा के स्वजन ने शादी से साफ इन्कार कर दिया। छात्रा ने भी युवक से विवाह करने की इच्छा नहीं जताई।

इंस्पेक्टर राममूर्ति यादव ने बताया कि युवक को समझाकर सुरक्षित नीचे उतार लिया गया है। उसके खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

## एसपी ने कस्बा भरवारी में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशाम्बी ।** एसपी सत्यनारायण द्वारा थाना कोखराज क्षेत्रान्तर्गत कस्बा भरवारी में पैदल गश्त कर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था का जायजा लिया गया।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोखराज संतोष शर्मा, चौकी प्रभारी भरवारी एवं पुलिस बल मौजूद रहा। पैदल गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक ने बाजार, प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण करते हुए आमजन एवं व्यापारियों से संवाद स्थापित किया तथा उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना।

पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों एवं नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि अथवा कानून-व्यवस्था संबंधी सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। साथ ही उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्क एवं सक्रिय रहकर प्रभावी पैदल गश्त करने तथा जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## मंडल शाखा विस्तार एवं सदस्यता अभियान को लेकर मंडल समिति उत्तर मध्य रेलवे की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज:** मंडल समिति उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ की बैठक हुई जिसमें मंडल के समस्त पदाधिकारी और सदस्यों ने भाग लिये बैठक में निम्न निर्णय लिए गए

**मंडल और शाखा के विस्तार और सदस्यता पर चर्चा,**



संगठन में कुछ लोगों द्वारा मंडल और जोन में किसी को भी अनधिकृत पदाधिकारी बनाकर पोस्टर आदि जारी किया गया, और संगठन के दस्तावेज में जो फर्जी हस्ताक्षर हुए है, इस पर जो विवाद चल रहा है, उपरोक्त सभी की सत्यता के लिए पुलिस जांच कराने और कानूनी कार्रवाई करने पर सभी ने जोर दिया। क्योंकि ये संगठन के कार्यकर्ता और सदस्यों के साथ धोखा और विश्वासघात किया गया है।

ये अफवाह फैलाई गई है कि महामंत्री ने इस्तीफा दे दिया और नई जोनल कार्यकारणी और महामंत्री का 1 एक पोस्टर बनाकर फैलाया गया है इस पर पुलिस कार्रवाई की जाए।

उपरोक्त सभी मामलों में श्रीमान महामंत्री को अधिकृत किया गया है कि पुलिस और कानूनी कार्रवाई कराने की कृपा करे।

संगठन की नई मंडल कार्यकारणी की घोषणा की गई अध्यक्ष श्री अमिताभ बच्चन, मंडल मंत्री श्री संतोष कुमार शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष श्री सनत तिवारी संगठन मंत्री श्री सत्यम गुप्ता कोषाध्यक्ष श्री राजेश कुमार के साथ-साथ मंडल कार्यकारिणी समिति के सदस्य चुने गए जिसकी लिस्ट संलग्न की जा रही है।

## जीआरपी प्रयागराज ने 50 लाख रुपये के फर्जी नोट किया बरामद, शातिर आरोपी गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** जीआरपी प्रयागराज और सीआईबी आरपीएफ की संयुक्त टीम ने मंगलवार को प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन पर कार्रवाई करते हुए 50 लाख रुपये के फर्जी नोट बरामद किए। पुलिस ने इस मामले में एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।




रेलवे स्टेशन, सकुर्लेटिंग एरिया एवं ट्रेनों में चोरी, छिनैती, अवैध तस्करी और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। यह अभियान पुलिस महानिदेशक रेलवे, पुलिस महानिरीक्षक रेलवे प्रयागराज तथा पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज के निर्देश पर चलाया जा रहा है। क्षेत्राधिकारी रेलवे प्रयागराज अरुण कुमार पाठक के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक जीआरपी प्रयागराज अकलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजकुमार चौहान एवं सीआईबी आरपीएफ की संयुक्त टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

पुलिस के अनुसार, प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर दिल्ली छोर की ओर जंक्शन बोर्ड से पहले चिलवल के पेड़ के नीचे बने चबूतरे से रामनिवास नामक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 500-500 रुपये के नोटों जैसी दिखने वाली 10-10 गड्डियों के 10 बंडल, कुल 50 लाख रुपये के फर्जी नोट, सफेद पारदर्शी प्लास्टिक में पैक अवस्था में बरामद किए गए।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी लोगों को फर्जी नोट देकर उनके बदले असली रुपये लेकर फरार हो जाता था। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर जीआरपी थाना प्रयागराज में मुकदमा अपराध संख्या 308/2026, धारा 180, 182 एवं 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## जल क्रीड़ाओं को नई दिशा देने की पहल, मंडलायुक्त व डीएम ने आधुनिक खेल अवसंरचना का किया निरीक्षण

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**



**प्रयागराज।** मंडल में जल क्रीड़ाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से किए जा रहे प्रयासों के क्रम में मंडलायुक्त श्रीमती सौम्या अग्रवाल ने जिलाधिकारी मनीष वर्मा, प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ऋषिराज तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बोट क्लब परिसर में विकसित की जा रही आधुनिक खेल अवसंरचना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बहुउद्देशीय जिम, आधुनिक बोट हाउस एवं वेयरहाउस सहित निमार्णाधीन विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन कर उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध संचालन के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि मंडलायुक्त की अध्यक्षता में पूर्व में आयोजित मंडलीय खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक में प्रयागराज में कयाकिंग, कैनोइंग एवं रोइंग जैसी जल क्रीड़ाओं के समग्र विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे। इन्हीं निर्णयों के अनुरूप स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा केरल में विकसित विश्वस्तरीय वाटर स्पोर्ट्स बोट हाउस एवं वेयरहाउस मॉडल से प्रेरणा लेते हुए बोट क्लब परिसर में चरणबद्ध तरीके से आधुनिक खेल अवसंरचना विकसित की जा रही है। इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, खेल उपकरणों के सुरक्षित संरक्षण तथा प्रतियोगिताओं की बेहतर तैयारी के लिए समेकित एवं उच्चस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

विकसित की जा रही सुविधाओं में नौकाओं के सुरक्षित संरक्षण हेतु आधुनिक वेयरहाउस, खिलाड़ियों की शारीरिक क्षमता एवं प्रदर्शन को सुदृढ़ बनाने के लिए बहुउद्देशीय जिम, खेल उपकरणों के वैज्ञानिक रखरखाव की व्यवस्था तथा जल क्रीड़ाओं के अनुरूप आवश्यक प्रशिक्षण सुविधाएं शामिल हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण वातावरण उपलब्ध कराते हुए उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए अधिक सक्षम बनाना है।

## फाफामऊ में कांग्रेस की 'सद्बुद्धि यात्रा', राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी के मामले को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं ने मंगलवार को फाफामऊ विधानसभा क्षेत्र के पंडिला में 'सद्बुद्धि यात्रा' निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। यात्रा का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी (गंगापार) के अध्यक्ष अशफाक अहमद ने किया।

थरवई रोड से शुरू हुई यात्रा पंडिला महादेव मंदिर तक पहुंची। इस दौरान कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मामले की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद ने आरोप लगाया कि सरकार चढ़ावा चोरी प्रकरण के वास्तविक दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आस्था से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए तथा दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मामले में छोटे कर्मचारियों को जिम्मेदार ठहराकर बड़े लोगों को बचाया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन जिलामहासचिव अफजाल अहमद ने किया।



इस अवसर पर पार्टी की फाफामऊ विधानसभा प्रभारी एवं प्रदेश पिछड़ा प्रकोष्ठ महासचिव मंजू मौर्या, विशेष आमंत्रित सदस्य शरद उपाध्याय (मुन्ना), डॉ. जगत नारायण सिंह, देवराज उपाध्याय, डॉ. अमर सिंह पटेल, मो यासिर रजा फारूकी, रितेश पासी, मोहम्मद फारूक, चन्द्रबली चौधरी, सलीम टाइगर, रमेश मौर्य, आबिद खान, फूलचंद यादव, शनि पासवान, रितिक पासी, हिमांशु सरोज, शाहिल कुमार, सुनील पासवान, राजू रावत, दीपक ठाकुर, विवेक कुमार शुक्ला, अमित पासी, मोनू बिगहियां, स्वदेश तिवारी, इन्द्र पाल सरोज सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फूलपुर थाने में सात घंटे धरना, कार्रवाई न होने पर हाईवे जाम

**मूर्ति बरामदगी और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन, डेढ़ घंटे बाद एफआईआर दर्ज होने पर समाप्त हुआ आंदोलन**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** शेखपुर मोहल्ले के प्राचीन मंदिर से जुड़े विवाद को लेकर मंगलवार को स्थानीय लोगों और हिंदू संगठनों का आक्रोश खुलकर सामने आया। अष्टधातु की प्राचीन मूर्ति की बरामदगी, मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शनकारियों ने सुबह 10 बजे से फूलपुर थाने का घेराव कर धरना शुरू किया।

शाम 5:30 बजे तक पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर प्रदर्शनकारी कोतवाली गेट के सामने प्रयागराज-जौनपुर राजमार्ग पर बैठ गए और चक्का जाम कर दिया। करीब डेढ़ घंटे तक चले जाम के कारण राजमार्ग पर तीन किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा।

प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि मंदिर परिसर से जुड़ी शिकायतों और कथित रूप से गायब अष्टधातु की प्राचीन मूर्ति के संबंध में पहले भी कई बार प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए गए, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। उनका कहना था कि मामला लोगों की धार्मिक आस्था से जुड़ा है, इसलिए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर मूर्ति की बरामदगी सुनिश्चित की जाए और जो भी दोषी हो, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

दिनभर थाना परिसर में नारेबाजी के बीच प्रदर्शन जारी रहा। शाम तक कोई निर्णय न होने पर प्रदर्शनकारी सड़क पर उतर आए और हाईवे जाम कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। करीब डेढ़ घंटे बाद एसीपी फूलपुर विवेक यादव मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से वार्ता की।

उन्होंने मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज कराने तथा जांच स्वयं अपनी निगरानी में कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद पुलिस ने आशीष तिवारी, मनीष तिवारी और सुमन तिवारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। कार्रवाई शुरू होने के बाद प्रदर्शनकारियों ने धरना और चक्का जाम समाप्त कर दिया।

पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## संपादकीय

# डिजिटल पायरेसी पर निर्णायक प्रहार जवाबदेही के नए दौर में डिजिटल प्लेटफॉर्म

भारत तीव्र गति से डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। मनोरंजन,शिक्षा,व्यापार,पत्रकारिता और संचार का बड़ा हिस्सा अब ऑनलाइन माध्यमों पर निर्भर है ।तकनीकी विकास ने रचनात्मक उद्योगों के लिए अभूतपूर्व अवसर पैदा किए हैं,वहीं डिजिटल पायरेसी जैसी चुनौती भी उतनी ही गंभीर होती गई है ।कभी पायरेटेड सीडी और डीवीडी इस अवैध कारोबार का माध्यम थीं,फिर टोरेंट वेबसाइटों का दौर आया और अब एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग प्लेटफॉर्म,क्लाउड स्टोरेज,निजी डिजिटल समूह तथा स्वचालित बॉट नेटवर्क पायरेटेड सामग्री के प्रसार के नए माध्यम बन चुके हैं। ऐसे परिदृश्य में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा ळीह्लौ१ें को जारी नोटिस केवल एक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं,बल्कि भारत की डिजिटल शासन व्यवस्था में उभर रहे नए दृष्टिकोण का स्पष्ट संकेत है ।सरकार ने ळीह्लौ१ें से अपेक्षा की है कि वह केवल शिकायत मिलने पर सामग्री हटाने तक सीमित न रहे, बल्कि अपने प्लेटफॉर्म पर पायरेटेड फिल्मों,ओटीटी सामग्री और अन्य कॉपीराइट संरक्षित ऑडियो- विजुअल कंटेंट की पहचान, रोकथाम और निष्कासन के लिए प्रभावी तंत्र विकसित करे तथा निर्धारित समय में विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करे ।यह संदेश भी स्पष्ट है कि डिजिटल मध्यस्थ होने का अर्थ केवल तकनीकी मंच उपलब्ध कराना नहीं,बल्कि कानून के अनुरूप आवश्यक सावधानी और उत्तरदायित्व का पालन करना भी है ।यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब भारत विश्व के सबसे बड़े फिल्म निर्माण देशों में शामिल होने के साथ-साथ सबसे तेजी से बढ़ते ओटीटी बाजारों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुका है ।भारतीय भाषाओं की फिल्में और वेब सीरीज आज वैश्विक दर्शकों तक पहुँच रही हैं ।डिजिटल माध्यमों ने छोटे शहरों के कलाकारों,स्वतंत्र फिल्मकारों और नए रचनाकारों को भी विश्वस्तरीय मंच प्रदान किया है ।यह परिवर्तन केवल मनोरंजन उद्योग तक सीमित नहीं, बल्कि भारत की उभरती हुई क्रिएटर इकोनॉमी का आधार बन चुका है ।डिजिटल पायरेसी का सबसे बड़ा नुकसान केवल फिल्म निमार्ता तक सीमित नहीं रहता ।किसी भी फिल्म या वेब सीरीज के निर्माण में लेखक,निर्देशक,संगीतकार,गीतकार,अभिनेता, तकनीशियन, कैमरामैन,संपादक, ध्वनि विशेषज्ञ,ग्राफिक्स कलाकार, वितरक,प्रचार एजेंसियाँ और हजारों प्रत्यक्ष- अप्रत्यक्ष कर्मचारी जुड़े होते हैं ।किसी फिल्म की वैध आय में कमी का अर्थ इन सभी के श्रम और निवेश का अवमूल्यन है। यही कारण है कि विकसित देशों में बौद्धिक संपदा संरक्षण को आर्थिक विकास,नवाचार और निवेश की अनिवार्य शर्त माना जाता है ।भारत में भी कॉपीराइट संरक्षण के लिए पर्याप्त कानूनी व्यवस्था उपलब्ध है ।सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम,2000,सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश एवं डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021,कॉपीराइट अधिनियम,1957 तथा सिनेमैटोग्राफ अधिनियम के विभिन्न प्रावधान डिजिटल माध्यमों पर होने वाले उल्लंघनों से निपटने का आधार प्रदान करते हैं। न्यायपालिका ने भी समय-समय पर ह्लजॉन डोह्व अथवा ह्लअशोक कुमारह्व आदेश तथा ह्लडायनेमिक इंजंक्शनह्व जैसी व्यवस्थाओं के माध्यम से यह स्वीकार किया है कि डिजिटल अपराध स्थिर नहीं होते, इसलिए उनके समाधान भी तकनीक के अनुरूप गतिशील होने चाहिए ।विश्व के अनेक देशों ने इसी अनुभव के आधार पर डिजिटल प्लेटफॉर्मों की जवाबदेही बढ़ाई है ।अमेरिका में डिजिटल मिलेनियम कॉपीराइट एक्ट,यूरोपीय संघ में डिजिटल सर्विसेज एक्ट तथा जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों की नीतियाँ इस दिशा में स्पष्ट संकेत देती हैं कि तकनीकी कंपनियाँ केवल निष्क्रिय माध्यम बनकर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकतीं। भारत का वर्तमान दृष्टिकोण भी इसी वैश्विक प्रवृत्ति के अनुरूप दिखाई देता है ।हालाँकि यह विषय केवल कानून लागू करने का नहीं है ।डिजिटल प्लेटफॉर्म आज शिक्षा,शोध, व्यापार,नागरिक संवाद और लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के भी प्रमुख माध्यम हैं ।करोड़ों भारतीय ळीह्लौ१ें जैसे प्लेटफॉर्मों का उपयोग पूरी तरह वैध उद्देश्यों के लिए करते हैं ।इसलिए पायरेसी के विरुद्ध किसी भी कार्रवाई में यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि वैध उपयोगकताओं की निजता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और डिजिटल अधिकारों पर अनावश्यक प्रतिकूल प्रभाव न पड़े ।लोकतांत्रिक शासन की सफलता इसी संतुलन में निहित है कि अपराध पर कठोरता हो, लेकिन नागरिक अधिकार सुरक्षित रहें।

# डूबते शहर, ठहरती ज़िन्दगी और खोखला विकास

**अशोक भाटिया**

हर साल मानसून के दस्तक देते ही देश के बड़े महानगरों से लेकर टियर-2 और टियर-3 शहरों से डराने वाली तस्वीरें सामने आने लगती हैं। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई व मुंबई के पास वसई विरार के जलमग्न ट्रैक, बेंगलुरु के टेक-कॉरिडोर में तैरती नावें, दिल्ली की सड़कों पर लगा मीलों लंबा जाम, और चेन्नई से लेकर गुवाहाटी जैसे भौगोलिक रूप से भिन्न शहरों का पानी-पानी हो जाना अब कोई असाधारण घटना नहीं रह गया है। यह अब हमारी सालाना नियति बन चुकी है।

शहरी बाढ़ आज भारत के लिए केवल एक मौसमी आपदा नहीं, बल्कि एक गंभीर संरचनात्मक, आर्थिक और नीतिगत संकट है। विश्व बैंक और प्रमुख शोध पत्रिकाओं की हालिया रिपोर्टें बताती हैं कि भारत दुनिया के उन देशों में अग्रणी है जहाँ बाढ़ संभावित क्षेत्रों में शहरी बस्तियों का विस्तार सबसे तीव्र गति से हुआ है। जब तक हम इस संकट की तह में जाकर इसके मानव-निर्मित कारणों को स्वीकार नहीं करेंगे, तब तक भारत के स्मार्ट सिटी बनने का सपना हर मानसून में पानी में बहता रहेगा।

शहरी बाढ़ को अक्सर सामान्य ग्रामीण बाढ़ की तरह समझने की भूल की जाती है, जबकि दोनों के चरित्र और प्रभाव में जमीन-आसमान का अंतर है। ग्रामीण बाढ़ मुख्य रूप से नदियों के जलस्तर बढ़ने या उनके तटबंध टूटने से मैदानी इलाकों में धीरे-धीरे फैलती है। इसके विपरीत, शहरी बाढ़ एक अत्यधिक केंद्रित, तीव्र और मानव-निर्मित आपदा है।

शहरीकरण के कारण कंक्रीट की अभेद्य सतहों का निर्माण होता है, जिससे जलभराव की गति सामान्य से 1.8 से 8 गुना तक बढ़ जाती है और पानी की मात्रा में 6 गुना तक की वृद्धि देखी जाती है। शहरों में घनी आबादी और अरबों रुपयों का बुनियादी ढांचा दांव पर होता है। चंद घंटों की मूसलाधार बारिश पूरे शहर के परिवहन, बिजली ग्रिड, इंटरनेट संचार और स्वास्थ्य सेवाओं को घुटनों पर ला देती है।

शहरी बाढ़ के कारणों को केवल प्रकृति का प्रकोप कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। इसके पीछे अनियोजित विकास और प्रशासनिक लापरवाही की एक लंबी कतार है । शहरों के पास जो तालाब, झीलें और दलदली भूमि थीं, वे प्राकृतिक स्पंज या बफर का काम करती थीं, जो अतिरिक्त वर्षा जल को सोख लेती थीं। लेकिन रियल एस्टेट और अनियोजित शहरी विस्तार की भूख ने इन जल निकायों को निगल लिया है। उदाहरण के लिए, बेंगलुरु ने पिछले कुछ दशकों में अपने अंतसंबंधित झीलों के तंत्र का एक बहुत बड़ा हिस्सा कंक्रीट की इमारतों के कारण खो दिया है। चेन्नई और हैदराबाद में भी बाढ़ के मैदानों पर बहुमंजिला इमारतें और मॉल खड़े कर दिए गए हैं, जिससे पानी के बहने और ठहरने का प्राकृतिक रास्ता ही बंद हो गया है।



भारत के अधिकांश महानगर आज भी दशकों पुराने, और मुंबई जैसे शहर तो औपनिवेशिक काल के ड्रेनेज सिस्टम पर निर्भर हैं। यह बुनियादी ढांचा उस समय की आबादी और वर्षा के पैटर्न को ध्यान में रखकर बनाया गया था। मिसाल के तौर पर, मुंबई का पुराना ड्रेनेज सिस्टम प्रति घंटे अधिकतम 25 मिमी बारिश का पानी निकालने की क्षमता रखता था, जबकि आज जलवायु परिवर्तन के कारण शहरों में प्रति घंटे 100 मिमी से अधिक की अति-तीव्र बारिश हो रही है। इस बढ़ी हुई क्षमता को संभालने में हमारे शहरों की संकरी और गाद से भरी नाली प्रणालियाँ पूरी तरह अक्षम हैं।

विकास के नाम पर मिट्टी की जगह डामर और कंक्रीट ने ले ली है? फुटपाथों से लेकर घरों के आंगनों तक को पक्का कर दिया गया है, जिससे जमीन के भीतर पानी रिसने की दर शून्य हो गई है? रही-सही कसर हमारा खराब ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पूरी कर देता है? सिंगल-यूज प्लास्टिक, थमाकोल और निर्माण का मलबा बरसाती नालों और नालियों के मुहानों को जाम कर देते हैं? मानसून से पहले कागजों पर तो नालियों की सफाई दिखाई जाती है, लेकिन हकीकत पहली ही बारिश में सड़कों पर तैरते कचरे के रूप में सामने आ जाती है।

आज वैश्विक तापमान में वृद्धि के कारण मानसून का मिजाज पूरी तरह बदल चुका है। अब बारिश के दिनों की संख्या तो कम हो रही है, लेकिन कम समय में अत्यधिक तीव्र वर्षा की घटनाएं कई गुना बढ़ गई हैं? जब कुछ ही घंटों में पूरे महीने भर का पानी बरस जाएगा, तो बिना आधुनिक और वैज्ञानिक प्रबंधन के कोई भी पारंपरिक शहर पानी में डूबने से खुद को नहीं बचा सकता।

शहरी बाढ़ केवल कुछ दिनों का जलभराव नहीं है, इसके दीर्घकालिक परिणाम बेहद डरावने हैं:आर्थिक चोटः रिसर्च फर्मों और की रिपोर्टों के अनुसार, केवल बेंगलुरु में 2022 की एक दिन की बाढ़ से आईटी कॉरिडोर को लगभग 225 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। अनुमान है कि 2030 तक भारतीय शहरों को शहरी बाढ़ के कारण सालाना 5 अरब डॉलर तक का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है ।मानवीय और सामाजिक लागतः बाढ़ का सबसे क्रूर प्रहार समाज के सबसे निचले तबके यानी झुग्गी-झोपड़ियों और दैनिक मजदूरों पर होता है। निचले इलाकों में रहने वाले इन गरीबों के आशियाने उजड़ जाते हैं, आजीविका छिन जाती है और वे विस्थापित होने पर मजबूर हो जाते हैं ।महामारियाँ और स्वास्थ्य संकटः बाढ़ का गंदा पानी जब पीने के पानी की लाइनों में मिल जाता है, तो हैजा, टायफाइड, डेंगू, मलेरिया और लेप्टोस्पायरोसिस जैसी जानलेवा बीमारियों का प्रकोप तेजी से फैलता है?अब समय रिएक्टिव (आपदा आने पर जागना) रवैये को छोड़कर प्रोएक्टिव (पहले से तैयारी) दृष्टिकोण अपनाने का है। इसके लिए निम्नलिखित बहु-स्तरीय समाधानों को युद्धस्तर पर लागू करना होगा। जैसे स्पंज सिटी की अवधारणा को अपनाना । आज चीन और कई यूरोपीय देशों की तर्ज पर भारतीय शहरों को स्पंज में बदलना होगा। इसका अर्थ है कि शहर की रूपरेखा ऐसी हो जो वर्षा जल को बहने देने की बजाय खुद में सोख ले। इसके लिए:शहरों में पारगम्य कंक्रीट और ऐसी सड़कों का निर्माण किया जाए जिसके नीचे पानी जमीन में जा सके ।शहरी वनीकरण पार्कों और रेन गार्डन्स को बढ़ावा दिया जाए ताकि हरी-भरी सतहें पानी के वेग को कम कर सकें ।ब्लू (जल निकाय जैसे झील, तालाब, नदियाँ) और ग्रीन (पार्क, पेड़-पौधे) के समन्वय से ही शहरों को बचाया जा सकता है। दिल्ली के मास्टर प्लान 2041 में इस अवधारणा को शामिल किया गया है। चेन्नई नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी मिशन के तहत झीलों के जीर्णोद्धार की पहल एक सराहनीय उदाहरण है, जहाँ गाद निकालकर तालाबों की जल संचयन क्षमता को बढ़ाया गया है। इस मॉडल को देशव्यापी बनाना होगा ।शहरी स्थानीय निकायों को आने वाले 50 वर्षों के वर्षा अनुमानों और जलवायु परिवर्तन के आंकड़ों के आधार पर अपने ड्रेनेज सिस्टम को रीडिजाइन करना चाहिए। नालियों की केवल मानसून से पहले सफाई नहीं, बल्कि चौबीसों घंटे निगरानी होनी चाहिए। केंद्रीय लोक स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय इंजीनियरी संगठन के मानकों के अनुसार ड्रेनेज नेटवर्क का विस्तार अनिवार्य किया जाना चाहिए ।कृत्रिम बुद्धिमत्ता , भौगोलिक सूचना प्रणाली और इंटरनेट ऑफ थिंग्स सेंसर की मदद से जलभराव वाले हॉटस्पॉट की रीयल-टाइम मैपिंग की जानी चाहिए। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मौसम ऐप और स्थानीय अलर्ट सिस्टम को इतना सटीक होना चाहिए कि भारी बारिश से दो घंटे पहले ही निचले इलाकों के नागरिकों को सुरक्षित निकाला जा सके या यातायात को डायवर्ट किया जा सके। इसके अलावा, अंडरपास और सबवे में पानी भरने से रोकने के लिए आधुनिक इन्फ्लेटेबल फ्लड बैरियर्स जैसी तकनीकों का त्वरित उपयोग किया जाना चाहिए।

बाढ़ के मैदानों और प्राकृतिक नालों पर निर्माण को पूरी तरह नो-कंस्ट्रक्शन जोन घोषित कर कानूनी रूप से प्रतिबंधित किया जाना चाहिए।

# बारिश - प्रकृति का अमूल्य उपहार

**डॉ विजय गर्ग**

बारिश प्रकृति द्वारा मानव जीवन को दिया गया एक अमूल्य उपहार है। जल के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती और वर्षा ही धरती पर जल का सबसे बड़ा स्त्रोत है। यह न केवल पेड़-पौधों, पशु-पक्षियों और मनुष्यों के जीवन का आधार है, बल्कि पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसलिए प्राचीन काल से ही वर्षा को ईश्वर का वरदान माना गया है।

भारत एक कृषि प्रधान देश है और यहां की अधिकांश खेती मानसून पर निर्भर करती है। किसान पूरे वर्ष अच्छी वर्षा की प्रतीक्षा करते हैं, क्योंकि उनकी फसलों की सफलता समय पर और पर्याप्त मात्रा में होने वाली बारिश पर निर्भर करती है। अच्छी वर्षा होने पर खेत लहलहा उठते हैं, उत्पादन बढ़ता है और किसानों के जीवन में खुशहाली आती है। वहीं, वर्षा की कमी सूखे और अत्यधिक वर्षा बाढ़ जैसी समस्याओं को जन्म देती है। इसलिए संतुलित और समयानुकूल वर्षा अत्यंत आवश्यक है।

बारिश प्राकृतिक जल स्त्रोतों को भी पुनर्जीवित करती है। नदियां, तालाब, झीलें और बांध वर्षा के जल से भरते हैं। साथ ही, वर्षा का पानी जमीन में समाकर भूजल स्तर को बढ़ाता है, जिससे पीने के पानी और सिंचाई की आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। आज जब दुनिया के अनेक हिस्सों में जल संकट गहराता जा रहा है, तब वर्षा जल संचयन का महत्व और भी बढ़ गया है।



पर्यावरण की दृष्टि से भी बारिश का विशेष महत्व है। वर्षा वातावरण में मौजूद धूल, धुएं और प्रदूषक तत्वों को साफ कर देती है, जिससे वायु शुद्ध और ताजी हो जाती है। बारिश के बाद धरती हरियाली से भर उठती है और प्रकृति का सौंदर्य कई गुना बढ़ जाता है। वन्य जीवों और पक्षियों के लिए भी वर्षा जीवनदायिनी सिद्ध होती है, क्योंकि इससे उन्हें जल और भोजन के पर्याप्त स्त्रोत प्राप्त होते हैं।

बारिश का सांस्कृतिक और साहित्यिक महत्व भी कम नहीं है। कवियों और साहित्यकारों ने सदियों से वर्षा ऋतु की सुंदरता का वर्णन अपनी रचनाओं में किया है। भीगी मिट्टी की सुगंध, बादलों की गर्जना और बूंदों की रिमझिम लोगों के मन में आनंद और उत्साह भर देती है। बच्चे वर्षा में खेलना, कागज की नाव चलाना और प्रकृति के मनोरम दृश्यों का आनंद लेना पसंद करते हैं।

हालांकि, जलवायु परिवर्तन के कारण आज वर्षा के स्वरूप में बदलाव देखने को मिल रहा है। कहीं अत्यधिक बारिश हो रही है तो कहीं लंबे समय तक सूखा पड़ रहा है। यह स्थिति कृषि, पर्यावरण और मानव जीवन के लिए चिंता का विषय है। इसलिए हमें पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और जल संरक्षण के प्रति अधिक जागरूक होना होगा।

वर्षा जल का संरक्षण समय की आवश्यकता है। यदि हम वर्षा जल संचयन प्रणालियों को अपनाएं, तो भविष्य में जल संकट को काफी हद तक कम किया जा सकता है। घरों, विद्यालयों और सार्वजनिक संस्थानों में वर्षा जल संग्रहण को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जल की प्रत्येक बूंद अमूल्य है और उसका संरक्षण हम सभी का कर्तव्य है।

अंततः, बारिश केवल एक प्राकृतिक घटना नहीं, बल्कि जीवन, समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है। यह धरती को हरा-भरा बनाती है, जल स्त्रोतों को भरती है और समस्त जीव-जंतुओं को जीवन प्रदान करती है। हमें इस अमूल्य उपहार का सम्मान करना चाहिए और इसके संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी प्रकृति के इस अनुपम वरदान का लाभ उठा सकें।

# जब कमाई रिश्तों से बड़ी हो जाए

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

भारतीय समाज में परिवार केवल रक्त संबंधों का समूह नहीं, बल्कि विश्वास, त्याग, साझेदारी और पारस्परिक उत्तरदायित्व की एक जीवंत संस्था रहा है। इस संस्था की सबसे बड़ी शक्ति यह रही कि इसमें अधिकार और कर्तव्य दोनों साथ-साथ चलते थे। समय बदला, शिक्षा का विस्तार हुआ, महिलाओं की भागीदारी घर की चौखट से निकलकर शिक्षा, प्रशासन, चिकित्सा, न्याय, सेना, विज्ञान और उद्योग तक पहुँची। आर्थिक आत्मनिर्भरता ने महिलाओं को नया आत्मविश्वास दिया, निर्णय लेने की क्षमता दी और उन्हें सामाजिक सम्मान भी दिलाया। यह परिवर्तन न केवल आवश्यक था, बल्कि एक न्यायपूर्ण समाज की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी था।



लेकिन हर सामाजिक परिवर्तन अपने साथ नई चुनौतियाँ भी लेकर आता है। आज जब परिवारों में पति-पत्नी दोनों कमाने लगे हैं, तब आर्थिक साझेदारी के साथ जिम्मेदारियों की साझेदारी का प्रश्न पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। दुर्भाग्य से अनेक परिवारों में यह संतुलन बिगड़ता दिखाई देता है। कहीं अधिकारों पर अधिक जोर है तो कहीं कर्तव्यों की उपेक्षा। परिणामस्वरूप रिश्तों में वह सहजता और अपनापन कम होता जा रहा है जो कभी संयुक्त परिवारों की पहचान हुआ करता था।

लंबे समय तक भारतीय समाज में पुरुष को परिवार का आर्थिक आधार माना गया। उसकी कमाई पर पत्नी, बच्चों और माता-पिता का नैतिक अधिकार समझा जाता था। वह अपनी आय को व्यक्तिगत संपत्ति नहीं, बल्कि पूरे परिवार की पूंजी मानकर चलता था। दूसरी ओर, महिलाओं का योगदान घरेलू श्रम, बच्चों के पालन-पोषण और परिवार के संचालन में अधिक दिखाई देता था। आधुनिक समय में परिस्थितियाँ बदली हैं। महिलाएँ भी पुरुषों के समान मेहनत करके आर्थिक योगदान दे रही हैं। ऐसे में स्वाभाविक अपेक्षा यह थी कि आर्थिक जिम्मेदारियाँ भी समान रूप से साझा होंगी। किंतु व्यवहार में कई बार तस्वीर इतनी सरल नहीं होती।

आज अनेक परिवारों में यह अनुभव सुनने को मिलता है कि पति की आय को अभी भी घर की मुख्य आय माना जाता है, जबकि पत्नी की आय को व्यक्तिगत बचत, व्यक्तिगत निवेश या व्यक्तिगत स्वतंत्रता का माध्यम समझा जाता है। यह स्थिति हर परिवार में नहीं है, पर जहाँ है, वहाँ असंतोष का कारण बनती है। यदि घर का हर बड़ा खर्च पति वहन करे, लेकिन पत्नी की आय को पारिवारिक उत्तरदायित्व से अलग रखा जाए, तो बराबरी का सिद्धांत अधूरा रह जाता है। इसी प्रकार यदि पति यह अपेक्षा करे कि पत्नी नौकरी भी करे, घर भी संभाले और आर्थिक निर्णयों में उसकी स्वतंत्रता भी न हो, तो यह भी अन्यायपूर्ण है। समस्या किसी एक पक्ष की नहीं, बल्कि दोहरे मापदंडों की है।

बराबरी का अर्थ केवल समान अधिकार नहीं होता। उसका अर्थ समान उत्तरदायित्व भी होता है। यदि दोनों कमाते हैं तो परिवार की आवश्यकताओं, भविष्य की योजनाओं, बच्चों की शिक्षा, बुजुर्गों की देखभाल और आकस्मिक परिस्थितियों की जिम्मेदारी भी दोनों की होनी चाहिए। आर्थिक साझेदारी का अर्थ केवल आय जोड़ना नहीं, बल्कि विश्वास जोड़ना भी है।

समस्या का दूसरा पहलू मनोवैज्ञानिक है। धन केवल सुविधाएँ नहीं देता, वह आत्मविश्वास भी देता है। लेकिन यही आत्मविश्वास यदि अहंकार में बदल जाए तो रिश्तों में दूरी आने लगती है। कभी-कभी देखा जाता है कि जिसकी आय अधिक होती है, वही निर्णयों पर अपना अधिकार अधिक मानने लगता है। यह प्रवृत्ति पुरुषों में भी दिखाई देती रही है और आज कुछ महिलाओं में भी देखने को मिलती है। इसलिए यह कहना उचित नहीं होगा कि आर्थिक अहंकार केवल किसी एक लिंग की समस्या है। धन का अहंकार व्यक्ति को बदलता है, उसका लिंग नहीं।

आज सोशल मीडिया और सार्वजनिक विमर्श में स्त्री-पुरुष संबंधों को अक्सर संघर्ष के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। एक पक्ष अपने अधिकारों की बात करता है तो दूसरा अपने साथ हुए अन्याय की। इस खींचतान में परिवार, संवाद और साझेदारी पीछे छूट जाते हैं। किसी भी विचारधारा का उद्देश्य यदि संतुलन स्थापित करना है तो उसका स्वागत होना चाहिए, लेकिन यदि किसी भी विचार की व्याख्या अधिकारों तक सीमित होकर कर्तव्यों को गौण कर दे, तो समाज में असंतुलन पैदा होना स्वाभाविक है।

यह भी सच है कि आज लाखों महिलाएँ अपनी पूरी आय परिवार पर खर्च करती हैं। वे नौकरी के साथ-साथ घर, बच्चों और बुजुर्गों की जिम्मेदारियाँ भी निभाती हैं। अनेक परिवार ऐसे भी हैं जहाँ पति-पत्नी बिना किसी हिसाब-किताब के अपनी कमाई को साझा करते हैं और निर्णय भी मिलकर लेते हैं। इसलिए किसी एक वर्ग को दोषी ठहराना न तो उचित है और न ही तथ्यपरक। सामाजिक विश्लेषण का उद्देश्य आरोप लगाना नहीं, बल्कि प्रवृत्तियों को समझना और समाधान तलाशना होना चाहिए। समस्या तब गंभीर हो जाती है जब पति-पत्नी के बीच आर्थिक पारदर्शिता समाप्त हो जाती है। आय, बचत, निवेश और खर्च यदि अलग-अलग दुनिया बन जाएँ, तो रिश्तों में संदेह जन्म लेने लगता है। आर्थिक गोपनीयता कभी-कभी भावनात्मक दूरी में बदल जाती है। विवाह साझेदारी का संबंध है, व्यापारिक अनुबंध नहीं। इसमें विश्वास सबसे बड़ी पूंजी होता है।

आधुनिक जीवन की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि सुविधाएँ बढ़ी हैं, लेकिन संतोष घटा है। आय बढ़ी है, लेकिन संवाद कम हुआ है। स्वतंत्रता बढ़ी है, लेकिन साझेदारी कमजोर हुई है। पहले परिवार सीमित संसाधनों में भी साथ रहते थे क्योंकि निर्णय सामूहिक होते थे। आज संसाधन अधिक हैं, लेकिन कई बार ह्यमेराह्न और ह्यतेराह्न की मानसिकता रिश्तों को बाँट देती है।

यहाँ एक और महत्वपूर्ण प्रश्न है। क्या घरेलू श्रम का मूल्य आर्थिक आय से कम है? यदि पत्नी घर संभालती है और पति बाहर कमाता है, तो क्या केवल कमाने वाला ही परिवार चला रहा है? बिल्कुल नहीं। उसी प्रकार यदि पत्नी भी नौकरी करती है, तो क्या घर की सारी जिम्मेदारी उसी पर छोड़ देना उचित है? इसका उत्तर भी नहीं है। परिवार तभी संतुलित रहेगा जब आर्थिक और घरेलू दोनों प्रकार के श्रम का समान सम्मान होगा। बच्चों पर भी इस बदलते वातावरण का प्रभाव पड़ रहा है। वे अपने माता-पिता को यदि आर्थिक प्रतिस्पर्धा में उलझा हुआ देखते हैं, तो उनके मन में भी रिश्तों की परिभाषा बदलने लगती है।

वे सहयोग से अधिक अधिकारों की भाषा सीखते हैं। आने वाली पीढ़ियों के लिए यह चिंता का विषय है।

परिवार केवल वर्तमान नहीं बनाता, भविष्य भी गढ़ता है।

समाधान क्या है? समाधान किसी एक पक्ष को दोषी ठहराने में नहीं, बल्कि पारिवारिक संवाद को मजबूत बनाने में है। विवाह के बाद पति-पत्नी को आर्थिक अपेक्षाओं, बचत, निवेश, पारिवारिक खर्च और व्यक्तिगत आवश्यकताओं पर खुलकर चर्चा करनी चाहिए। यह तय होना चाहिए कि दोनों अपनी-अपनी क्षमता के अनुसार परिवार में योगदान देंगे। किसी की आय कम या अधिक होना सम्मान का पैमाना नहीं बनना चाहिए। आर्थिक स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ स्वच्छंदता नहीं, बल्कि उत्तरदायित्वपूर्ण स्वतंत्रता है। स्वतंत्र व्यक्ति वही है जो अपने अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों को भी स्वीकार करता है। यदि कमाई केवल व्यक्तिगत सुविधा का साधन बन जाए और परिवार की सामूहिक आवश्यकताएँ पीछे छूट जाएँ, तो आर्थिक समृद्धि भी रिश्तों को नहीं बचा सकती।

# अलविदा खामनेईः मर के जीना सिखा दिया तूने

**तनवीर जाफरी**

ईरान के सर्वोच्च नेता शहीद सैयद अली खामनेई के बहुप्रतीक्षित अंतिम संस्कार की रस्म इन दिनों ईरान- इराक में अदा की जा रही है। विश्व के अब तक के सबसे बड़े अंतिम संस्कार के इस राजकीय शोक में भारत, पाकिस्तान, रूस, चीन,सऊदी अरब,अफगानिस्तान सहित लगभग 100 देशों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। गौरतलब है कि गत 28 फरवरी को पवित्र रमजान माह में अमेरिका व इस्राईल द्वारा किये गये कायराना हवाई हमले में सैयद अली खामनेई ,उनकी बेटी बुशरा हुसैनी खामेनेई व दामाद मिस्बाह अल-हुदा बाकरी उनकी 14 महीने की पोती जहरा मोहम्मदी गुल पायगानी तथा खामनेई के बेटे व वर्तमान सुप्रीम लीडर मुज्तबा खामनेई की पत्नी सभी एक साथ शहीद हो गये थे। ईरान पर अमेरिका व इस्राईल द्वारा थोपे गये युद्ध में उलझे होने के कारण खामनेई के अंतिम संस्कार की रस्म अब तक अदा नहीं की जा सकी थी। अब निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार संस्कार की रस्म की शुरूआत 3 जुलाई से हो चुकी है। 3 जुलाई को ईरान के उप गृह मंत्री ब्रिगेडियर जनरल अली अकबरपूर जमशीदियान द्वारा विदेशी गणमान्य लोगों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इसके बाद तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला मस्जिद में 4 व 5 जुलाई का दो दिन का शोक समारोह आयोजित किया गया। इसके बाद 5 जुलाई को मुख्य जनाजे की नमाज अदा की गयी। 6 जुलाई को तेहरान में जनाजे की अंतिम यात्रा निर्धारित समयानुसार सुबह 6 बजे शुरू होगी। अगले दिन यानी 7 जुलाई को ईरान के प्रमुख धार्मिक शहर कुम में भी अंतिम यात्रा निकाली जाएगी और यहाँ की प्रसिद्ध पवित्र जमकरान मस्जिद में नमाज- ए-जनाजा अदा की जाएगी।




इसी तरह 8 जुलाई को इराक के नजफ और कर्बला में भी अंतिम यात्रा निकाली जायेगी। निर्धारित योजनानुसार इराक में 7 जुलाई की शाम शहीद खामनेई का जनाजा नजफ पहुंचेगा। 8 जुलाई को सुबह 6 बजे नजफ और शाम 4 बजे कर्बला में अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद पार्थिव शरीर को वापस ईरान ले जाया जाएगा। याद रहे कि मक्का और मदीना के बाद नजफ और कर्बला को शिया इस्लाम के सबसे ऐतिहासिक व पवित्र शहरों के रूप में मान्यता हासिल है। इसतरह अंतिम दिन यानी 9 जुलाई को अली खामेनेई के जनाजे को मशहद में शिया समुदाय के आठवें इमाम, इमाम रजा के मकबरे में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। अंतिम विदाई के बाद भी चालीस दिनों तक विभिन्न प्रांतों में धार्मिक सभाएं, प्रार्थनाएं आदि आयोजित की जाएंगी और अगले साल तक भी कार्यक्रम और सम्मेलन आयोजित किए जाते रहेंगे। अनुमान लगाया जा रहा है कि अंतिम संस्कार के इस आयोजन में ईरान-इराक सहित पूरे विश्व के करीब ढाई से तीन करोड़ तक लोग शरीक होंगे। अंतिम विदाई के इन समारोहों को ईरान केवल एक धार्मिक रस्म के रूप में ही नहीं बल्कि पिछले दिनों हुये युद्ध के बाद उभरी ईरान की राजनीतिक और कूटनीतिक ताकत के बड़े प्रदर्शन के तौर पर भी देख रहा है। इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे भी होते हैं, जिनकी पहचान केवल पद, सत्ता या प्रसिद्धि से नहीं होती, बल्कि उनके चरित्र, जीवन-शैली,सादगी,समर्पण और सेवा-भाव से बनती है।

आयतुल्लाह सैयद अली खामेनेई का जीवन भी उन्हीं व्यक्तित्वों में प्रमुख था जिसे सादगी, अनुशासन, आत्म-नियंत्रण और समर्पण के प्रतीक के रूप में देखा जाता है।

हालांकि उन्होंने ईरान में सर्वोच्च नेता के रूप में 47 वर्ष बिताए, जिसमें लगभग 40 वर्ष ईरान के रक्षा मंत्री , प्रेसिडेंट और सुप्रीम लीडर के तौर पर शामिल हैं। इसके बावजूद उनका सादा जीवन इस बात का संदेश देता है कि महानता केवल भव्यता के प्रदर्शन में नहीं, बल्कि अपने सिद्धांतों पर अडिग रहने में होती है।

# चम्पत राय और अनिल मिश्रा का इस्तीफा मंजूर, कृष्ण मोहन कार्यकारी महासचिव नियुक्त: गोविंद देव गिरि

**अयोध्या।**
श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की सोमवार को यहां हुई बैठक में ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय और सदस्य डॉ अनिल मिश्र का त्यागपत्र स्वीकार कर लिया गया। इसके साथ ही ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन त्रिपाठी को कार्यकारी महासचिव नियुक्त किया गया है। बैठक में कार्यकारी महासचिव कृष्ण मोहन ने अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि पहला काम चढ़ावा चोरी करने वाले अपराधियों को दंड दिलाना और मंदिर प्रबंधन में अब तक रहीं कमियां दूर करना है। ट्रस्ट के सदस्य समाज में राम मंदिर की पुनः प्रतिष्ठा और विश्वास बनाएंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंददेव गिरि महाराज ने बैठक में लिये गए फैसलों की मीडिया को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट की बैठक में सदस्यों का कोरम पूरा हुआ और



इस बैठक में ट्रस्ट के सदस्य के. पारासरन आभासी रूप से जुड़े। बैठक में मंदिर के दान में चोरी की घटना को अत्यंत दुर्भाग्य और आहत करने वाली बताया गया। बैठक में ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय और ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र द्वारा नैतिक रूप से अपने अपने पदों से दिए गए त्यागपत्र पर ट्रस्ट के नियमों के अनुरूप चर्चा की गयी बैठक के दौरान सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं ट्रस्टी के. पारासरन ने सदस्यों को बताया कि ट्रस्ट का नियम है कि अगर कोई सदस्य त्यागपत्र देता है तो त्यागपत्र स्वीकार हो जाएगा। ऐसे में नैतिक आधार पर महामंत्री चम्पत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्र का त्यागपत्र स्वीकार कर लिया गया है। साथ ही ट्रस्टी कृष्णमोहन को कार्यकारी महासचिव नियुक्त किया गया है। इनकी मदद के लिए एक समिति भी गठित की गयी है। गोविंद देव गिरि ने बताया कि 22 जुलाई को ट्रस्ट की पुनः बैठक होगी। बैठक में ट्रस्ट के नए सदस्यों की नियुक्ति पर विचार किया जाएगा। तब तक एसआईटी की फाइनल रिपोर्ट आ जाएगी। दान चोरी करने वाले अन्य अपराधियों के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के लिए दान की गयी 2800 वस्तुतों की सूची बनी है और अगर किसी भी दानदाता के मन में संशय है तो वे ट्रस्ट के अयोध्या कार्यालय आकर देख सकते हैं। सभी वस्तुओं को पूरी तरह से सुरक्षित रखा गया है। बड़े ही भावुक होते हुए गोविंद देव गिरि महाराज ने कहा कि मंदिर चोरी के प्रकरण को लेकर अनर्गल बातें मीडिया में आने और कुछ राजनीतिक दलों की ओर से इस मुद्दे पर जो चिंता दिखायी जा रही है वे राष्ट्र के लिए घातक हैं, क्योंकि यही वे राजनीतिक दल और नेता हैं जो भगवान राम को काल्पनिक बता कर न्यायालय तक गए। मंदिर आंदोलन के समय कारसेवकों पर गोलियां तक चलवाईं।

ऐसे नेताओं एवं संगठनों का मकसद राजनीतिक रोटियां सेंकना और हिंदू एकता, रामभक्तों और सनातन पर चोट करना है, लेकिन ट्रस्ट आह्वान करता है कि सभी हिंदू समाज की अपेक्षा के अनुरूप काम करेगा और उनका विश्वास पुनःस्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि राम भक्त धैर्य रखें और किसी प्रकार के अनर्गल समाचारों पर ध्यान न दें।

ट्रस्ट की बैठक श्रीराम जन्मभूमि परिसर में ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की अध्यक्षता में आयोजित की गयी और ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि महाराज ने बैठक में विचारणीय प्रस्तावों को रखा।

# महापंचायत में किसानों की हुंकार, निदोर्षों को जेल भेजा तो 75 जिलों में होगा जेल भरो आंदोलन

**बिजनौर।**
जनपद बिजनौर में किसानों की विभिन्न समस्याओं तथा आलोपुर प्रकरण को लेकर सोमवार को नजीबाबाद मंडी समिति में आयोजित विशाल महापंचायत में हजारों किसानों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पंचायत में किसान नेताओं ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए साफ शब्दों में चेतावनी दी कि यदि निर्दोष किसानों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो आंदोलन अब आर-पार की लड़ाई में बदल जाएगा।



महापंचायत में गटवाला खाप के राष्ट्रीय संरक्षक बाबा राजेंद्र मलिक, राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मांगेराम त्यागी, राष्ट्रीय सचिव (सेवानिवृत्त डीएसपी) उम्मेद सिंह सहित अनेक जनपदों के जिला अध्यक्ष और किसान नेता मौजूद रहे। किसानों के तेवर और आर-पार के संघर्ष के ऐलान को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक (शहर) डॉ. कृष्ण अवतार सिंह, उप जिलाधिकारी नजीबाबाद, तहसीलदार तथा जिलाधिकारी की ओर से उप जिलाधिकारी रितु चौधरी को महापंचायत में पहुंचकर किसानों को आश्वस्त करना पड़ा।

राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक ने कहा कि आलोपुर प्रकरण में मजदूर की आत्महत्या के लिए यदि कोई सबसे अधिक जिम्मेदार है तो वह नजीबाबाद तहसील प्रशासन है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि उप जिलाधिकारी और तहसीलदार समय रहते निष्पक्ष निर्णय लेते तो एक गरीब मजदूर को आत्महत्या जैसा कदम उठाने की नौबत नहीं आती। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के दबाव में निदोर्षों पर मुकदमे दर्ज किए गए, जो न्याय व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हैं। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि देश में केवल भारतीय सेना ही एकमात्र "आर्मी" है, इसलिए "आर्मी" शब्द का दुरुपयोग कर समाज में भय का वातावरण बनाने वाले संगठनों पर सरकार को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

चौधरी दिगंबर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि "यदि कोई रावण बनकर समाज में भय और अत्याचार फैलाने का प्रयास करेगा तो उसे यह भी याद रखना चाहिए कि अन्याय के खिलाफ हनुमान भी खड़े होते हैं।

जो लोग गुंडागर्दी, दबंगई और बहन-बेटियों के सम्मान पर हमला करने की सोच रखते हैं, उन्हें किसान समाज करारा जवाब देना जानता है।"

# यूपी एसटीएफ ने एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को मुठभेड़ में किया ढेर

**नोएडा।**
उत्तर प्रदेश की स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) की नोएडा यूनिट की टीम ने आज सुबह एक मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी डकैत को मार गिराया है। उसके पास से पुलिस को 32 बोर की पिस्टल, एक पौनी बंदूक, कारतूस और मोटरसाइकिल आदि बरामद हुआ है। यह बदमाश लोगों को घरों में बंधक बनाकर लूटपाट और हत्या करने के लिए कुख्यात है। उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान में 21 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक यूपी एसटीएफ (नोएडा यूनिट) राजकुमार मिश्रा ने




मंगलवार को बताया कि आज सुबह यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट की टीम के साथ एक कुख्यात बदमाश की मुठभेड़ हुई। टीम की ओर से चलाई गई गोली उसको लगी। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक बदमाश की पहचान आसिफ उर्फ विक्की छमार पुत्र बाबू मजहर निवासी मकनपुर जनपद कानपुर के रूप में हुई।

उन्होंने बताया कि उक्त बदमाश ने वर्ष 2014 में थाना शाहगंज जनपद जौनपुर में घर में बंधक बनाकर पांच लोगों के ऊपर प्राण घातक हमला किया था।

जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। उसके ऊपर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।

# देवरिया : गैस सिलेंडर रिसाव से झोपड़ी में लगी आग से लाखों की गृहस्थी राख

**देवरिया।**
उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र स्थित माधोपुर गांव में सोमवार देर रात गैस सिलेंडर से हुए रिसाव के कारण भीषण आग लग गई। इस हादसे में राम अवध साहनी की झोपड़ी पूरी तरह जलकर राख हो गई। हालांकि समय रहते परिवार के सभी सदस्य बाहर निकल आए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।



बरियारपुर थाना प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गैस रिसाव के चलते अचानक आग भड़क उठी और कुछ ही देर में पूरी झोपड़ी उसकी चपेट में आ गई। आग लगने के बाद सिलेंडर में जोरदार धमाका हुआ, जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। धमाके की आवाज सुनकर ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकल आए और आग बुझाने में जुट गए।

उन्होंने बताया कि अग्निकांड में परिवार की वर्षों की मेहनत से जुटाई गई गृहस्थी जलकर खाक हो गई। घर में रखा चावल, गेहूं, आटा, दाल, बर्तन, कपड़े, सोने-चांदी के आभूषण तथा नया मकान बनाने के लिए रखी गई नकदी भी आग की भेंट चढ़ गई। इससे पीड़ित परिवार के सामने भोजन और रोजमर्रा की जरूरतों का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

घटना की सूचना मिलते ही बरियारपुर थाना प्रभारी दीपक सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रशासन को सूचना देने के साथ ही लेखपाल को भी बुलाया गया, ताकि नुकसान का आकलन कर पीड़ित परिवार को शासन की ओर से आर्थिक सहायता दिलाई जा सके।

## डीजीपी रेलवे ने जीआरपी इटावा थाने का किया निरीक्षण, सराहनीय कार्य के लिए महिला कांस्टेबल व थानाध्यक्ष सम्मानित

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**इटावा । पुलिस** महानिदेशक रेलवे प्रकाश डी द्वारा जीआरपी थाना इटावा का निरीक्षण किया गया, जिसमें यात्री सुरक्षा और अपराध नियंत्रण की दिशा में अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में महिला हेल्प डेस्क, जहाँ पीड़ित महिलाओं की शिकायतों के त्वरित और संवेदनशील निस्तारण हेतु तैनात




महिला पुलिसकर्मी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तथा थाना कार्यालय, मालखाना व थाना परिषर का निरीक्षण तथा ऑपरेशन मुस्कान, मिशन शक्ति अभियान की समीक्षा की गई। डीसीपी रेलवे द्वारा थाने में उपलब्ध तकनीकी संसाधनों जैसे बॉडी वॉर्न कैमरा, टेबलेट और अन्य उपकरणों की कार्यक्षमता को बारीकी से परखा और इनके अधिकतम उपयोग पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान डीजीपी द्वारा हाल ही में डीजीपी द्वारा पेश किए गए 'यक्ष' ( ॅरॅ ) ऐप की उपयोगिता को बताते हुए सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये । अपराध समीक्षा के दौरान लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण और ट्रेनों में सुरक्षा घेरा मजबूत करने के निर्देश देते हुए बेहतर कार्यशैली की सराहना की गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन और कर्तव्यनिष्ठा के लिए महिला मु0आ0 ललितेश पीएनओ-112530987 एवं महिला कांस्टेबल रजनी कुमारी को नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया। तथा थानाध्यक्ष जीआरपी इटावा जितेन्द्र कुमार को 10 माह के अपहत बच्चे को 05 दिन में सकुशल बरामद करने पर नगद पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया

## शीतला धाम: मेला में बिछड़े 20 से अधिक श्रद्धालुओं एवं बच्चों को परिजनों से सकुशल मिलाया, धन्यवाद कौशांबी पुलिस

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। पुलिस** अधीक्षक सत्यनारायण के निर्देशन में माता शीतला धाम, कड़ाधाम में आयोजित आषाढ़ मेला-2026 के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए स्थापित खोया-पाया केंद्र लगातार प्रभावी एवं संवेदनशील ढंग से कार्य कर रहा है। मंगलवार को मेला क्षेत्र में अपने परिजनों से बिछड़े महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों को खोया-पाया केंद्र पर सुरक्षित संरक्षण प्रदान करते हुए पुलिसकर्मियों द्वारा त्वरित प्रयास कर उनकी पहचान सुनिश्चित की गई तथा उन्हें सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।





आज कुल 20 से अधिक बिछड़े श्रद्धालुओं एवं बच्चों को उनके परिवारजनों से सुरक्षित मिलाया गया। इनमें वृद्ध महिलाएं, महिलाएं एवं छोटे बच्चे शामिल रहे। पुलिस टीम ने सार्वजनिक उद्घोषणा, पूछताछ एवं सतर्क खोजबीन के माध्यम से अल्प समय में परिजनों का पता लगाकर सभी को सुरक्षित सुपुर्द किया, जिससे परिजनों ने कौशाम्बी पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।

कौशाम्बी पुलिस द्वारा मेला क्षेत्र में सुरक्षा, सहायता एवं जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए श्रद्धालुओं की हर संभव सहायता निरंतर की जा रही है, ताकि प्रत्येक श्रद्धालु सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण में दर्शन-पूजन कर सके ।

## नोएडा : अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार पांच लोग घायल

**नोएडा।**
नोएडा के थाना बादलपुर क्षेत्र के पंजाबी ढाबा के सामने मंगलवार तड़के एक कार में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस घटना में कार में सवार पांच लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया।

थाना बादलपुर के प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि आज सुबह तड़के करीब 3 बजे पंजाबी ढाबा के सामने एक कार में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया।

# जुलाई के अंत तक निपटेंगी 60 और 90 दिन की लंबित विवेचनाएं

## पुलिस आयुक्त ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश, हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी, भू-माफियाओं पर गैंगस्टर और संपत्ति जब्ती की कार्रवाई तेज करने के आदेश

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**

**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार ने मंगलवार को रिजर्व



पुलिस लाइंस स्थित त्रिवेणी सभागार में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और लंबित विवेचनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था डॉ. अजय पाल शर्मा, सभी पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी, विवेचक तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस आयुक्त ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि 60 और 90 दिनों से लंबित सभी विवेचनाओं का समयबद्ध, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जुलाई के अंत तक हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। सहायक पुलिस आयुक्तों को इन विवेचनाओं की नियमित समीक्षा कर प्रगति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में गैंगस्टर एक्ट के तहत लंबित मुकदमों की विवेचना में तेजी लाने, महिला संबंधी अपराध, लूट, हत्या और अन्य जघन्य अपराधों के मामलों में वांछित आरोपियों, लुटेरों, चोरों, नकबजनों और चेन स्नेचरों की गिरफ्तारी कर शीघ्र विवेचना पूरी करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस आयुक्त ने जनपद के चिन्हित भू-माफियाओं के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई और उनकी संपत्तियों के जब्तीकरण की प्रक्रिया तेज करने को कहा। साथ ही हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की सूची अपडेट कर उनका नियमित सत्यापन और निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा आईजीआरएस और जनसुनवाई से संबंधित प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने तथा सभी सहायक पुलिस आयुक्त और थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नियमित पैदल गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच करने के निर्देश भी दिए गए।

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर की पत्नी ने की आत्महत्या, अन्य मामलों में चार लोगों ने की खुदकुशी

**नोएडा।**
जिले की थाना बादलपुर क्षेत्र के अच्छेजा गांव में ब्याही एक 24 वर्षीय महिला का शव पंखे के फंदे से लटका हुआ मिला है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। महिला के ससुराल वालों का कहना है कि उन्होंने आत्महत्या किया है। इसी तरह अन्य मामलों में चार लोगों ने खुदकुशी की हैं।

थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि ग्राम अच्छेजा निवासी सोनू पासवान की पत्नी सोनी (24) का शव सोमवार की रात को उनके घर पर पंखे के फंदे से लटका हुआ मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पता



चला कि मृतका के पति सोनू सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। वह किसी काम से बाहर था। मृतका के मायके वालों ने पुलिस को बताया कि सोनू पासवान से शादी से पूर्व महिला की शादी सोनू के बड़े भाई से हुई थी। उनकी बीमारी की वजह से मौत हो गई थी। उसके बाद तीन माह पहले ही दोनों परिवार की रजामंदी से सोनी की शादी उसके देवर से करवा दी थी। पहले पति से उसका एक बेटा है। घटना के समय बेटा भी घर पर मौजूद था।

फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान मृतका के ससुराल वालों ने पुलिस को बताया है कि उन्होंने आत्महत्या किया है। पुलिस मामले की जांच करेगी।

**युवक ने फांसी लगाई**

थाना प्रभारी मुनेद्र कुमार सिंह ने बताया कि चिपियाना हुजुर्ग के पंचशील कॉलोनी में रहने वाले जयपाल सिंह (38) ने बीती रात को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इसी तरह एक अन्य मामले में पुराना हैबतपुर निवासी ओमप्रकाश तिवारी (16) की बेटी लक्ष्मी तिवारी ने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है।

## हमीरपुर : पुरानी सलैब तोड़ते समय छत भरभराकर गिरी, मलबे में दबकर दो लोग घायल

**हमीरपुर।**
उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के कुरारा थाना क्षेत्र के ग्राम झलोखर में मंगलवार को एक मकान की पुरानी सलैब तोड़ते समय अचानक छत भरभराकर गिर गई। हादसे में घर के दो युवक मलबे की चपेट में आकर घायल हो गए। घायलों की पहचान अखिलेश पुत्र रामप्रकाश (35) तथा विनीत पुत्र अनिल (22) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और दोनों घायलों को बाहर निकाला।

इसके बाद 108 एम्बुलेंस की सहायता से दोनों को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

घायल युवकों की बहन प्रीति ने बताया कि मकान की पुरानी सलैब (छत) तोड़ने का कार्य चल रहा था। इसी दौरान अचानक पूरी छत गिर गई, जिससे यह हादसा हो गया। चिकित्सकों के अनुसार दोनों घायलों का उपचार जारी है।

सीओ सदर यशपाल सिंह ने बताया कि एक मकान का पुराना हिस्सा तोड़ते समय छत अचनक टूट गई। इस हादसे में दो लोग जख्मी हुए हैं, जिन्हे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की जाँच कराई जा रही है।

# नोएडा में कहीं शादी तो कहीं मोटा मुनाफा दिलाने के लालच के नाम पर सात लोगों से हुई साइबर ठगी

**नोएडा।**
नोएडा के थाना साइबर क्राइम में एक सोशल मीडिया सर्विस के संचालक ने मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात साइबर अपराधियों ने उनकी कंपनी का कार्ड का गलत इस्तेमाल कर करीब 6 लाख रुपए का ट्रांजैक्शन कर लिया है। साइबर क्राइम थाना पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम श्रीमती शैव्या गोयल ने बताया कि सेक्टर 32 स्थित लॉजिक शॉप ऑफिस टावर मॉल में डीजीएच कंपनी का ऑफिस है। कंपनी के अधिकारी आयुषी श्रीवास्तव ने इस मामले में बीती रात को रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि बीती रात को श्रीमती दूर्वा तालुकदार ने




थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह नोएडा एक्सटेंशन स्थित एक सोसाइटी में रहती हैं। पीड़िता के अनुसार उनके पास एक व्यक्ति का फोन आया और उन्होंने विभिन्न पॉलिसी में निवेश कर कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया। महिला के अनुसार आरोपित ने अपने जाल में फंसाकर उनसे 7 लाख 29 हजार 641 रुपए की ठगी कर ली। उन्होंने बताया कि महिला की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि कि एक अन्य मामले में बीती रात को अभिनव त्यागी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात अपराधियों ने शेयर मार्केट में ट्रेडिंग कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर उन्हें अपने जाल में फंसाया। पीड़ित के अनुसार उन्होंने शेयर मार्केट में इन्वेस्ट किया। शुरूआती दौर में उन्हें कुछ फायदा हुआ। धीरे-धीरे अपराधियों ने अपने जाल में फंसाकर उनसे 5 लाख 39 हजार 350 रूपए की ठगी कर ली है। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी ने बताया कि एक अन्य मामले में बीती रात को सुरुचि कुमारी निवासी ग्रेटर नोएडा वेस्ट ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया के माध्यम से उनके साथ संपर्क किया तथा उनसे शादी करने का वादा कर उन्हें विभिन्न प्रकार का प्रलोभन दिया। उसने अपनी मजबूरी बताकर उनसे 8 लाख 72 हजार 700 अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिया। महिला की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी ने बताया कि बीती रात को आदेश ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उन्होंने ऑनलाइन वेबसाइट के माध्यम से कुछ सामान मंगवाया था, जो सामान उन्होंने मंगवाया था वे प्रोडक्ट नहीं आए थे। उन्होंने गूगल से नंबर लेकर सर्विस प्रदाता कंपनी को फोन किया। इसी बीच जगह साइबर अपराधियों ने उनका मोबाइल फोन हैक कर लिया और उनके खाते से 9 लाख 98 हजार रुपए निकाल लिया।

उन्होंने बताया कि एक अन्य मामले में राम प्रकाश शर्मा ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात साइबर अपराधियों ने उन्हें अपने जाल में फंसाकर उनसे 98 हजार 356 रूपए ठग लिया।

पीड़ित के अनुसार बदमाशों ने आईजीएल कंपनी का अधिकारी बनकर उनसे संपर्क किया।

उन्होंने कहा कि आपका बिल जमा नहीं हुआ है। आरोपियों ने उनसे एपीके फाइल अपलोड कार्रवाया। जैसे ही उन्होंने फाइल अपलोड किया उन्होंने उनके मोबाइल फोन को हैक कर लिया, तथा उनके साथ ठगी की।

## तेल कंपनियों के घाटे कम होने पर पेट्रोल-डीजल सस्ता होने की उम्मीद




नई दिल्ली ।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई बड़ी गिरावट भारतीय ईंधन बाजार के लिए राहत की नई उम्मीद लेकर आई है। यदि वैश्विक कीमतें अगले 7 से 10 दिनों तक अपने मौजूदा स्तर पर स्थिर रहती हैं, तो तेल कंपनियां पेट्रोल और डीजल की बिक्री में नो-प्रॉफिट नो-लॉस की स्थिति में पहुंच जाएंगी, जिसके बाद कीमतों में राहत मिलने की संभावना बढ़ जाएगी। वर्तमान में, सरकारी तेल कंपनियां पहले खरीदे गए महंगे स्टॉक के कारण अंडर-रिकवरी का सामना कर रही हैं। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उन्हें 75,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है, जिससे उन पर दबाव है। विशेषज्ञों के अनुसार, कीमतें स्थिर रहने पर कंपनियां धीरे-धीरे घाटे से उबरकर संतुलन पर आएंगी। हालांकि, रसोई गैस (एलपीजी) पर अब भी प्रति सिलेंडर करीब 500 रुपये का नुकसान हो रहा है। इस गिरावट के कई कारण हैं। अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के बाद कच्चे तेल की आपूर्ति बढ़ी है। साथ ही, सऊदी अरब और रूस के नेतृत्व में प्रमुख उत्पादक देशों ने उत्पादन बढ़ाने का फैसला किया है। होर्मुज जलडमरूमध्य खुलने से आपूर्ति सामान्य हुई है। ईरान और वेनेजुएला से तेल आपूर्ति बढ़ने से भी वैश्विक बाजार को राहत मिली है।

## मॉनसून ने पकड़ी रफ्तार, वर्षा की कमी घटी; खरीफ की बुआई को मिली संजीवनी

**देश में बारिश की कमी 40 से घटकर 24 फीसदी हुई, मध्य जुलाई तक सक्रिय रहने के आसार**

नई दिल्ली ।

पहले 40 प्रतिशत रही बारिश की कमी अब घटकर 24 प्रतिशत पर आ गई है। इससे खरीफ फसलों की बुआई, जो जून अंत तक पिछले साल की तुलना में 22 प्रतिशत कम थी, को अब नई जान मिली है। पश्चिम और मध्य भारत में सुस्त मॉनसून के कारण बुआई ठहर गई थी। खरीफ की अच्छी फसल महंगाई, खासकर दलहन और तिलहन की कीमतों को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी संबल मिलेगा। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि बंगाल की खाड़ी में अनुकूल मौसम पैटर्न के कारण मॉनसून का यह सक्रिय चरण जुलाई के मध्य तक जारी रहेगा। स्काइमेट वेदर सर्विसेज के महेश पालवात के अनुसार, इससे मौसमी बारिश की कमी का बड़ा हिस्सा दूर हो जाएगा और जुलाई में सामान्य बारिश होगी। मॉनसून का प्रदर्शन जुलाई में जून से बेहतर रहने की उम्मीद है।

## ओपेक प्लस के उत्पादन वृद्धि से कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जारी

**ब्रेंट और डब्ल्यूटीआई क्रूड कई महीनों के निचले स्तर पर, वैश्विक आपूर्ति बढ़ने से निवेशक चिंतित**

नई दिल्ली।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में सोमवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई। ब्रेंट क्रूड 71.73 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 68.43 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार करते हुए कई महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गए। इस गिरावट की मुख्य वजह तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक प्लस का उत्पादन बढ़ाने का फैसला और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव में कमी आना है। ओपेक प्लस ने अगले महीने (अगस्त) से रोजाना 1.88 लाख बैरल अतिरिक्त तेल उत्पादन को मंजूरी दे दी है, जिसमें सऊदी अरब और रूस अग्रणी भूमिका निभाएंगे। इस फैसले के बाद वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की आपूर्ति में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसके अतिरिक्त, पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज जैसे महत्वपूर्ण तेल मार्गों पर सामान्य आवाजाही बहाल होने से आपूर्ति बाधित होने का खतरा टल गया है। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे प्रमुख उत्पादकों का निर्यात भी लगभग संघर्ष-पूर्व स्तर पर पहुंच गया है, जिससे वैश्विक उपलब्धता और बढ़ी है। निवेशकों को अब आशंका है कि मांग के मुकाबले आपूर्ति की अधिकता हो सकती है, जिससे कीमतों पर दबाव बना रहेगा।

# रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई ।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया 24 पैसे की गिरावट के साथ ही 95.42 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह रुपया शुरुआती कारोबार में 10 पैसे की गिरावट के साथ ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.28 पर आ गया। विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने से रुपये पर दबाव है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी निवेश आने पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) रुपये को बहुत अधिक मजबूत होने देने के बजाय अपने विदेशी मुद्रा भंडार को फिर से बढ़ाने का प्रयास करता है।

आज सुबह अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.25 प्रति डॉलर पर खुला। फिर डॉलर के मुकाबले 95.28 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 10 पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया शुक्रवार को 17 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.18 पर बंद हुआ था।

इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 फीसदी की बढ़त के साथ 100.95 पर रहा।




## बैंक ऑफ महाराष्ट्र की ऋण वृद्धि पहली तिमाही में 27 प्रतिशत

नई दिल्ली ।




सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का कुल ऋण चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 27 प्रतिशत बढ़कर 3.06 लाख करोड़ रुपये हो गया।गत वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही के अंत में उसका बकाया ऋण 2.41 लाख करोड़ रुपये था। पुणे मुख्यालय वाले इस बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कुल ऋण में खुदरा, कृषि और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम खंड को दिए गए ऋण शामिल हैं, जो सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 1.87 लाख करोड़ रुपये हो गए।समीक्षाधीन तिमाही में बैंक का कॉरपोरेट ऋण भी 21 प्रतिशत बढ़कर 1.11 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो पहली बार एक लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा।बैंक ने बताया कि इस तिमाही में उसकी कुल जमा राशि 13 प्रतिशत बढ़कर 3.44 लाख करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के अंत में यह 3.05 लाख करोड़ रुपये थी। इसके परिणामस्वरूप बैंक का कुल कारोबार (कुल ऋण व जमा) 19 प्रतिशत बढ़कर 6.51 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो 30 जून, 2025 को 5.46 लाख करोड़ रुपये था।बैंक ने बताया कि अप्रैल-जून तिमाही में चालू खाता एवं बचत खाता (कासा) अनुपात कुल जमा का 49 प्रतिशत रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 50 प्रतिशत था।

## एशियाई बाजारों में तेजी के साथ कारोबार

मुंबई ।


सप्ताह के पहले कारोबारी दिन अधिकांश एशियाई बाजारों में तेजी देखने को मिली। दक्षिण कोरिया का कोस्पी करीब 0.62 प्रतिशत और चीन का सीएसआई 300 लगभग 0.26 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आया। तकनीकी शेयरों में खरीदारी लौटने और कच्चे तेल की कीमतों में लगातार नरमी आने से एशियाई बाजारों को समर्थन मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जारी रही। ब्रेंट क्रूड का जुलाई वायदा भाव करीब 71.78 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार करता दिखा, जो पिछले स्तर से लगभग 0.47 प्रतिशत नीचे था।

बाजार पर दबाव इसलिए भी बना क्योंकि ओपेक प्लस देशों ने जून और जुलाई के बाद अगस्त से भी उत्पादन बढ़ाने पर सहमति जताई है। वहीं, अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत में कोई खास प्रगति नहीं हुई है, लेकिन स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से तेल आपूर्ति फिलहाल सामान्य बनी हुई है। कमोडिटी बाजार में कीमती धातुओं की कीमतों में मजबूती देखने को मिली। गोल्ड फ्यूचर्स में करीब 2.11 प्रतिशत और सिल्वर फ्यूचर्स में 3.56 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 521, निफ्टी 159 अंक उछला**

मुम्बई ।




भारतीय शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये बढ़त दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। । आज ऑटो, रियल्टी और तेल एवं गैस शेयरों में विशेष रुप से अच्छी खरीदारी हुई। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 521.16 अंक ऊपर आकर 78,285.07 पर और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 159.50 अंक उछलकर 24,430.35 पर बंद हुआ। निफ्टी में सबसे ज़्यादा बढ़त हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, ओएनजीसी, बजाज ऑटो और एमएंडएम के शेयरों में आई। वहीं टीसीएस मैक्स हेल्थकेयर और बजाज फिनसर्व के शेयर गिरे। सेक्टर के हिसाब से आज रियल्टी के क्षेत्र में सबसे अधिक तेजी रही। इसके बाद कंज्यूमर ड्यूरेबल्स , ऑटो और ऑयल एंड गैस के शेयर उछले। मेटल इंडेक्स में भी बढ़त रही। दूसरी ओर, मीडिया सेक्टर में गिरावट दर्ज की गयी। इसके अलावा पीएयू बैंक और आईटी शेयर भी गिरे। दूसरी ओर निफ्टी मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में तेजी रही।

आज कारोबार के दौरान, बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण पिछले सत्र के 480.24 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर लगभग 482.33 लाख करोड़ रुपए हो गया, जिससे एक ही सत्र में निवेशकों को करीब 2 लाख करोड़ रुपए का लाभ हुआ। पश्चिमी एशिया में शांति की उम्मीद और कच्चे तेल की कीमतों में बदलाव नहीं होने से भी बाजार को बल मिला। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार की बढ़त के साथ शुरुआत हुई। आज सुबह निफ्टी 80.25 अंकों की बढ़त के साथ 24,351.10 के स्तर पर जबकि सेंसेक्स भी 315 अंक चढ़कर 78,078.76 के स्तर पर खुला।

# अमेरिकी न्याय विभाग का अदाणी मामले पर यू-टर्न केस शुरू ही नहीं होना चाहिए था

**दो साल की जांच के बाद डीओजे ने कानूनी व अधिकार-क्षेत्र संबंधी आधारों पर उठाए सवाल**

नई दिल्ली ।

अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) ने अदाणी ग्रुप के खिलाफ अपने ही एक हाई-प्रोफाइल मामले पर चौंकाने वाला यू-टर्न लेते हुए कहा है कि यह केस कभी शुरू नहीं किया जाना चाहिए था। लगभग दो साल की कड़ी अंतरराष्ट्रीय जांच के बाद आई यह टिप्पणी एक अभूतपूर्व कानूनी बदलाव है, जिसने अदाणी ग्रुप के निवेशकों की धारणा पर गहरा असर डाला था और बाजार में अरबों की वैल्यू खत्म की थी। डीओजे ने अपनी 4 जुलाई की कोर्ट फाइलिंग में मामले के कानूनी और अधिकार-क्षेत्र से जुड़े आधारों पर सवाल उठाए हैं। विभाग ने आरोपों को नाम खराब करने की एक ऐसी कोशिश बताया जो मुकदमा चलने की किसी भी वास्तविक संभावना के बिना की गई थी। डीओजे का स्पष्टीकरण है कि सिक्योरिटीज से जुड़े आरोप कभी नहीं लगाए जाने चाहिए थे और केस समाप्त करने का फैसला कई कानूनी, सबूतों व नीतिगत कारणों से सही था। विभाग के दोबारा मूल्यांकन का मुख्य आधार यह निष्कर्ष है कि कथित गड़बड़ी मुख्य रूप से भारत में हुई थी, जहां भारतीय अधिकारियों ने पहले ही इन आरोपों की जांच की थी और कोई कार्रवाई योग्य गड़बड़ी नहीं पाई थी। डीओजे के अनुसार जिन सिक्योरिटीज का मामला है, उनमें एक पैसा भी नहीं डूबा है। विभाग ने प्रॉसिक्यूशन की कई बड़ी खामियां भी स्वीकार कीं। हालांकि अदालत ने अभी केस खारिज करने पर कोई फैसला नहीं सुनाया है, डीओजे का यह स्पष्ट और कड़ा मूल्यांकन मामले की समझ को गहराई से प्रभावित करेगा।



## नेक्स्ट भारत वेंचर्स का 2,000 करोड़ रुपए का नया कोष

**कृषि, स्वास्थ्य, फिनटेक व सामाजिक हित में एआई स्टार्टअप पर फोकस**

नई दिल्ली ।

जापान की सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन समर्थित नेक्स्ट भारत वेंचर्स ने सोमवार को 2,000 करोड़ के अपने दूसरे निवेश कोष की घोषणा की। यह कोष भारत में कृषि, वित्तीय समावेश, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक हित जैसे क्षेत्रों में कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग करने वाले स्टार्टअप को समर्थन देगा। नेक्स्ट भारत वेंचर्स का लक्ष्य ग्रामीण भारत, छोटे व मझोले शहरों तथा असंगठित व गिग क्षेत्र से जुड़े कामगारों के स्थानीय समुदायों के जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने वाले स्टार्टअप्स में निवेश करना है। कंपनी इससे पहले अपने 340 करोड़ रुपए के पहले कोष के माध्यम से 20 से अधिक इम्पैक्ट ऑर्गेनाइजेशन में निवेश कर चुकी है। नेक्स्ट भारत वेंचर्स के एक अे धिकारी ने बताया कि नए कोष का अधिकतर निवेश सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन एक एंकर लिमिटेड पार्टनर के रूप में करेगी। इसके अलावा, जापान की अन्य कंपनियों से भी निवेश जुटाया जाएगा। नाथ ने इस रणनीति का कारण बताते हुए कहा कि जापानी संस्थान निवेश के मामले में कहीं अधिक धैर्यवान होते हैं। कंपनी अगले तीन से चार वर्षों में इस 2,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बना रही है।

# वाहन बिक्री ने जून में बनाया ऐतिहासिक रिकॉर्ड 21.83 फीसदी की बंपर वृद्धि दर्ज

**फाडा ने बताया अब तक का सबसे बेहतर जून, सभी खंडों में रिकॉर्ड प्रदर्शन**

नई दिल्ली ।

भारतीय वाहन खुदरा बाजार ने जून में शानदार प्रदर्शन किया, जहां कुल बिक्री सालाना आधार पर 21.83त्न बढ़कर 25,57,234 इकाई हो गई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) ने सोमवार को बताया कि यह अब तक का सबसे बेहतरीन जून महीना रहा, जिसमें सभी खंडों - दोपहिया, तिपहिया, वाणिज्यिक और यात्री वाहन - ने रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की है। फाडा के आंकड़ों के अनुसार, यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 28.63 फीसदी बढ़कर 4,10,853 इकाई और दोपहिया वाहनों की बिक्री 21.22 फीसदी बढ़कर 18,28,458 इकाई पर पहुंच गई। वहीं, तिपहिया और वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में क्रमशः 16.2 फीसदी और 16.88 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। फाडा के अध्यक्ष सी. एस. विग्नेश्वर ने इस प्रदर्शन को ऐतिहासिक करार दिया। जुलाई के लिए, 51.24 फीसदी डीलरों ने बिक्री में वृद्धि की उम्मीद जताई है, जो मजबूत सकारात्मक दृष्टिकोण दर्शाता है। इस आशावाद का आधार मानसून की स्थिति में सुधार, खरीफ बुवाई में तेजी और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी है। फाडा ने जुलाई-सितंबर 2026 तिमाही के लिए डीलरों के भरोसे में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है, जहां 66.17 फीसदी डीलर बाजार में वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नकदी प्रवाह में सुधार, इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों की बढ़ती मांग तथा नए मॉडल लॉन्च इस सकारात्मक रुझान को बनाए रखेंगे।

# गुरुग्राम में ओबेरॉय रियल्टी की 8,109 करोड़ की लग्जरी इकाइयां बिकीं

**दिल्ली-एनसीआर में पहली आवासीय परियोजना थ्री सिक्स्टी नॉर्थ को मिला जबरदस्त प्रतिसाद**

नई दिल्ली ।

मुंबई की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी ओबेरॉय रियल्टी लिमिटेड ने गुरुग्राम के रियल एस्टेट बाजार में धमाकेदार प्रवेश किया है। कंपनी ने अपनी पहली दिल्ली-एनसीआर आवासीय परियोजना में हाल ही में लॉन्च की गई लग्जरी इकाइयों से मजबूत मांग के दम पर 8,109 करोड़ रुपए की सकल बुकिंग दर्ज की है।

यह सफलता कंपनी के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

ओबेरॉय रियल्टी ने शेयर बाजार को सूचित किया कि गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर स्थित उसकी पहली लग्जरी आवासीय परियोजना थ्री सिक्स्टी नॉर्थ को खरीदारों से उत्कृष्ट प्रतिक्रिया मिली है। कंपनी ने 29 जून को इस परियोजना के पहले चरण की शुरुआत की घोषणा की थी, जिसमें छह टावर में कुल 832 आवासीय इकाइयां शामिल हैं।

इस 14.8 एकड़ की परियोजना में 13.52 लाख वर्ग फुट का रेरा कारपेट क्षेत्र (कुल 23.10 लाख वर्ग फुट बिक्री योग्य क्षेत्र) बेचा गया है।

कंपनी ने बताया कि इस परियोजना में कुल 6,000 करोड़ रुपए का निवेश और 16,000 करोड़ रुपए की संभावित आय का अनुमान है। ओबेरॉय रियल्टी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक विकास ओबेरॉय ने परियोजना के लॉन्च के समय विश्वास व्यक्त किया था कि उनका ब्रांड एनसीआर बाजार में भी सफलतापूर्वक स्थापित हो सकता है, जो अब शुरुआती बिक्री आंकड़ों से सच साबित होता दिख रहा है।

## मिडकैप फंड्स में निवेशकों का अटूट भरोसा- मई में भी 4,000 करोड़ निवेश

**सरकारी खर्च, मजबूत डिफेंस ऑर्डर और बढ़ती मांग ने मिडकैप कंपनियों के लिए खोले नए रास्ते**

नई दिल्ली ।

भारतीय इक्विटी बाजार में मिडकैप सेगमेंट निवेशकों की पहली पसंद बना हुआ है। मई 2026 में भी मिडकैप म्युचुअल फंड्स में 4,000 करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध निवेश दर्ज किया गया, जो अप्रैल के बाद लगातार दूसरा महीना है जब इस कैटेगरी में इतना भारी निवेश आया है। खास बात यह है कि मई में कोई नया मिडकैप फंड लॉन्च न होने के बावजूद निवेशकों का भरोसा कायम रहा, जो इन कंपनियों के बेहतर ग्रोथ आउटलुक को दर्शाता है। एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल 2026 में मिडकैप फंड्स में 4,780.58 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया था, जबकि मई में यह आंकड़ा 4,385.06 करोड़ रुपये रहा। मई के दौरान कुल 8,270.23 करोड़ रुपये का निवेश इन फंड्स में आया और 3,885.16 करोड़ रुपये की निकासी हुई, जिससे शुद्ध निवेश 4,385.06 करोड़ रुपये रहा। इसके साथ ही, मिडकैप फंड्स का कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट बढ़कर करीब 4.88 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।कोटक म्युचुअल फंड के सीनियर फंड मैनेजर अतुल भोले के अनुसार, सरकार के बढ़ते इंफ्रास्ट्रक्चर खर्च, डिफेंस सेक्टर के मजबूत ऑर्डर, इलेक्ट्रॉनिक्स व सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग को मिल रहा बढ़ावा, हेल्थकेयर की बढ़ती मांग और निर्यात के बेहतर अवसरों ने मिडकैप कंपनियों के लिए नए ग्रोथ के मौके पैदा किए हैं। देश की युवा आबादी, बढ़ता घरेलू निवेश और नए आर्थिक सुधार भी इन कंपनियों की कमाई बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अगले 12 महीनों के आउटलुक पर बात करते हुए भोले ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और कच्चे तेल समेत कई कमोडिटी की कीमतों में नरमी से कंपनियों की लागत घटने की उम्मीद है। पिछले साल के कमजोर प्रदर्शन के मुकाबले इस साल बिक्री और मुनाफे में सुधार देखने को मिल सकता है। मजबूत बैंक लोन ग्रोथ, बढ़ता जीएसटी कलेक्शन और बेहतर आर्थिक गतिविधियां भी इस सकारात्मक रुख की ओर इशारा कर रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में मिडकैप कंपनियां बड़ी कंपनियों के मुकाबले बेहतर ग्रोथ दिखा सकती हैं, खासकर वे जिनके पास कारोबार बढ़ाने और बाजार हिस्सेदारी मजबूत करने की क्षमता है।

## टाटा टेक्नोलॉजीज 17 को जारी करेगी पहली तिमाही वित्त वर्ष 27 नतीजे

**बोर्ड बैठक में अनऑडिटेड वित्तीय नतीजों को मिलेगी मंजूरी, जून 24 से इनसाइडर ट्रेडिंग विंडो बंद**




नई दिल्ली ।

टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा टेक्नोलॉजीज ने अपनी पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2026-27) के नतीजों की घोषणा के लिए 17 जुलाई 2026 की तारीख तय की है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि इस दिन बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक होगी, जहां जून तिमाही के अनऑडिटेड वित्तीय नतीजों को मंजूरी दी जाएगी। उम्मीद है कि नतीजे बाजार बंद होने के बाद जारी होंगे, जैसा पिछली बार हुआ था। कंपनी की रेगुलेटरी फाइलिंग के अनुसार, 24 जून 2026 से ट्रेडिंग विंडो बंद कर दी गई है। यह विंडो तिमाही नतीजे सार्वजनिक होने और स्टॉक एक्सचेंज पर उनकी जानकारी जारी होने के 48 घंटे बाद तक बंद रहेगी। इसका मुख्य उद्देश्य कंपनी से जुड़े इनसाइडर्स को शेयरों में खरीद-बिक्री करने से रोकना है। पिछली मार्च 2026 तिमाही में टाटा टेक्नोलॉजीज का प्रदर्शन शानदार रहा था। कंपनी का कंसोलिडेटेड शुद्ध मुनाफा 8 फीसदी बढ़कर 204 करोड़ रुपए हो गया था, जबकि ऑपरेशन से आय 22त्न बढ़कर` 1,572 करोड़ तक पहुंच गई थी। ऐ बिटा मार्जिन भी 14.1 फीसदी से बढ़कर 16 फीसदी हो गया था।

इस तिमाही में कंपनी ने शेयरधारकों के लिए कुल 11.70 प्रति शेयर का डिविडेंड भी घोषित किया था। शुक्रवार को टाटा टेक्नोलॉजीज का शेयर 715.85 रुपए पर 0.50 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ।

# गोल्डन बूट की रेस हुई रोमांचक



- मेसी-एम्बाप्पे को हालैंड दे रहे कड़ी टक्कर

नई दिल्ली। नॉर्वे के स्ट्राइकर अर्लिंग हालैंड ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 गोल्डन बूट की रेस में फ्रांस के दिग्गज किलियन एम्बाप्पे और अर्जेंटीना के लियोनल मेसी को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। उन्होंने दो गोल करके ब्राजील को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया और नॉर्वे ने राउंड ऑफ 16 का अहम मैच 2-1 से जीत लिया। उन्होंने 79वें और 90वें मिनट में गोल किए। हालैंड के अब 7 गोल हो गए हैं, जो एम्बाप्पे और मेसी के बराबर है। एम्बाप्पे 7 गोल और 2 असिस्ट के साथ फीफा वर्ल्ड कप 2026 में गोल्डन बूट की रेस में सबसे ऊपर हैं, जबकि हालैंड और मेसी दोनों के 7 गोल और 0 असिस्ट हैं। नॉर्वे के खिलाड़ी अभी तीसरे नंबर पर हैं क्योंकि मेसी ने कम मिनट में ज्यादा गोल किए हैं। इंग्लैंड के हैरी केन 5 गोल और 0 असिस्ट के साथ चौथे नंबर पर हैं, जबकि फ्रांस के ओस्मान डेम्बेले, स्पेन के मिकेल ओयारजाबल, ब्राजील के विनीसियस जूनियर और इस्माइला सार 4-4 गोल के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

# तिलक वर्मा ने अभिषेक का रिकॉर्ड तोड़ा

## बने नंबर 1, टी-20 में सबसे कम उम्र में 1500 रन बनाने वाले टॉप-10 भारतीय



नई दिल्ली। भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के उप-कप्तान तिलक वर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में 11 गेंदों पर 2 छक्के और एक चौके की मदद से नाबाद 24 रन की पारी 218.18 की स्ट्राइक रेट के साथ खेली। तिलक वर्मा ने अपनी इस पारी के दौरान टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 1500 रन भी पूरे किए और वो टी20 क्रिकेट में भारत की तरफ से सबसे कम उम्र में 1500 रन बनाने वाले सबसे युवा बैटर भी बने।

- **तिलक वर्मा ने दो दिन बाद तोड़ा अभिषेक शर्मा का रिकॉर्ड**- इससे पहले टीम इंडिया के ओपनर अभिषेक शर्मा ने एक जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच के दौरान अपने 1500 रन टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में पूरे किए थे और भारत की तरफ से क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में 1500 रन बनाने वाले सबसे युवा बैटर बने थे, लेकिन दो दिन के बाद ही यानी 4 जुलाई को तिलक वर्मा ने उनका रिकॉर्ड तोड़ दिया और पहले नंबर पर आ गए। तिलक वर्मा ने टी20आई में 1500 रन 23 साल 238 दिन की उम्र में पूरे किए जबकि अभिषेक ने ये कमाल 25 साल 300 दिन की उम्र में किया था और वो अब दूसरे नंबर पर आ गए।

## इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया फाइनल के बाद टॉप-10 बल्लेबाज व गेंदबाज

# श्री चरणी का जलवा



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया ने रविवार (5 जुलाई) को इंग्लैंड को 7 विकेट से हराकर 7वीं बार महिला टी20 विश्व कप का खिताब जीता। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन इंग्लैंड की डैनी व्याट हॉज ने बनाए। उन्होंने 302 रन बनाए ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी दूसरे नंबर पर रहीं। उन्होंने 238 रन बनाए। इंग्लैंड की नट साइवर ब्रंट तीसरे नंबर पर रहीं। टॉप-10 बल्लेबाजों में दो भारतीय स्मृति मंधाना और शैफाली वर्मा भी हैं। स्मृति ने 205 और शैफाली ने 179 रन बनाए। टॉप-10 गेंदबाजों की बात करें तो भारतीय स्पिनर श्री चरणी शीर्ष पर रहीं। उन्होंने 15 विकेट लिए। इंग्लैंड की सोफी मोलिन्यू दूसरे, पाकिस्तान की फातिमा सना तीसरे नंबर रही। दोनों ने 1-1 विकेट लिए। इंग्लैंड सोफी एक्लेस्टोन चौथे और हेली मैथ्यूज चौथे नंबर पर रहीं। दोनों ने 10-10 विकेट लिए। इंग्लैंड की शार्लेट डीन ने भी 10 विकेट झटके।



# ऑस्ट्रेलिया ने रिकॉर्ड 7वीं बार जीता खिताब

## फाइनल में इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया

लंदन (एजेंसी)। महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल मुकाबला इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच लॉर्ड्स में खेला गया। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी और फीबी लिचफील्ड की शानदार पारी व शतकीय साझेदारी के दम पर मैच को 7 विकेट से जीत लिया। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने 7वीं बार महिला टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतने का गौरव हासिल किया। इंग्लैंड का अपने घर में चैंपियन बनने का सपना टूट गया और उसे उप-विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था और इसके बाद इंग्लैंड की टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 150 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 151 रन का टारगेट दिया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 17.1 ओवर में 3 विकेट पर 153 रन बनाकर मैच जीत लिया।



### ऑस्ट्रेलिया की पारी में बेथ मूनी का शानदार अर्धशतक

ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम की ओपनर जॉर्जिया वोल 9 रन के स्कोर पर अपना विकेट गंवा बैठीं। फीबी लिचफील्ड ने 35 गेंदों पर 48 रन की पारी खेली और आउट हो गई, लेकिन उन्होंने दूसरे विकेट के लिए बेथ मूनी के साथ मिलकर 67 गेंदों पर 100 रन की साझेदारी की। बेथ मूनी ने अपना अर्धशतक 38 गेंदों पर पूरा किया और उन्होंने 49 गेंदों पर 64 रन की शानदार पारी खेली। एलिस पेरी 13 रन बनाकर जबकि एश्ले गार्डनर 3 रन बनाकर नाबाद रहीं। इंग्लैंड के लिए शार्लेट डीन, लॉरेन बेल और सोफी एक्लेस्टोन ने एक-एक विकेट लिए।

## इंग्लैंड की घर में पहली हार

- ऑस्ट्रेलिया तीसरी बार बगैर हारे बना चैंपियन, बेथ मूनी ने रचा इतिहास

महिला टी20 विश्व कप के इतिहास में इंग्लैंड की टीम रविवार (5 जुलाई) को पहली बार घरेलू सरजमीं पर हारी और दूसरी बार खिताब जीतने का उसका सपना टूट गया। वह घरेलू सरजमीं पर महिला टी20 विश्व कप में 12 मैच में 11 जीत दर्ज की है। वह पहली बार अपनी मेजाबनी में विश्व कप हारी। ऑस्ट्रेलिया ने उसका विजय रथ रोककर 7वीं बार खिताब अपने नाम किया। वह तीसरी बार टूर्नामेंट में एक भी मैच हारे बगैर चैंपियन बनी।

ऑस्ट्रेलिया की जीत में बेथ मूनी ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने लगातार तीसरी बार फाइनल में अर्धशतक लगाया। बेथ मूनी महिला टी20 वर्ल्ड कप में दो बार प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी भी बनीं। इससे पहले वह 2020 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रही थीं। पुरुषों में यह रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम है।

### प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड

मूनी टी20 वर्ल्ड कर फाइनल (2023 और 2026) में दो बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाली पहली खिलाड़ी हैं। मार्लन सैमुअल्स पुरुषों (2012 और 2016) में दो बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले अकेले खिलाड़ी हैं। मूनी महिला टी20 विश्व कप के एक संस्करण में फाइनल की प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट खिताब जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी बनीं। 2024 में अमेलिया केर भी फाइनल की प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रही थीं।

## दासुन शनाका ने 4 गेंद पर झटके 4 विकेट, चेन्नई सुपर किंग्स की टीम हारी



नई दिल्ली। मेजर लीग क्रिकेट 2026 में दासुन शनाका ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स की टीम टेक्सास सुपर किंग्स के खिलाफ सिएटल ऑर्कस को जीत दिला दी। टेक्सास सुपर किंग्स को आखिरी ओवर में 15 रन चाहिए थे। शनाका ने 4 गेंद पर 4 विकेट झटके और टेक्सास सुपर किंग्स ने 9 रन से जीत दर्ज की।

जीत के लिए 122 रन का पीछा करते हुए टेक्सास सुपर किंग्स ने आखिरी ओवर में 107 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। डोनोवन फरेरा और शुभम रंजना क्रीज पर थे। फरेरा ने 19वें ओवर में एक चौका और एक छक्का लगाया था। फिर रंजना ने आखिरी ओवर की पहली गेंद पर शनाका को चौका जड़ा, जिससे पांच गेंदों पर 11 रन चाहिए थे।

**शनाका ने फरेरा, सैवेज, मिल्ने और डी सिल्वा को आउट किया**- दो गेंद बाद फरेरा एक धीमी गेंद पर आउट हो गए। फिर केल्विन सैवेज लॉन्ग-ऑन पर कैच आउट हुए। एडम मिल्ने ने हैट्रिक गेंद का सामना किया और बड़े शॉट के प्रयास में आउट हो गए। शनाका ने आखिरी गेंद पर अमशी डी सिल्वा को शिमरोन हेटमायर के हाथों कैच करा दिया।

# नेमार ने लिया संन्यास

## पेले के क्लब में हुए शामिल

### नॉर्वे से हारकर ब्राजील बाहर



**न्यूजर्सी (एजेंसी)।।** ब्राजील के सर्वकालिक शीर्ष गोल स्कोरर नेमार जूनियर ने रविवार (5 जुलाई) को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा कर दी। उन्होंने यह ऐलान ब्राजील के फीफा वर्ल्ड कप 2026 से बाहर होने के बाद की। नॉर्वे के खिलाफ राउंड ऑफ 16 में उसे 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। 1990 के बाद पहली बार ब्राजील इतना जल्दी वर्ल्ड कप से बाहर हुआ है।

नेमार ने अतिरिक्त समय के 10वें मिनट में पेनल्टी से मैच का एकमात्र गोल दागा, जिससे ब्राजील के लिए 130 मैचों में उनके गोलों की संख्या 80 हो गई, साथ ही उन्होंने 59 असिस्ट भी किए। दिग्गज पेले के मुकाबले उन्होंने 3 गोल ज्यादा किए हैं। वह पेले के अलावा चार विश्व कप में गोल करने वाले दूसरे ब्राजीलियाई खिलाड़ी बने। नेमार ने ब्राजील के लिए 130 मैच खेले। कैफू ने (142) उनसे ज्यादा मैच खेले हैं।

### नेमार रोते हुए जमीन पर बैठ गए

न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में आखिरी सीटी बजने के बाद नेमार रोते हुए जमीन पर बैठ गए। साथी खिलाड़ियों ने उन्हें मनाया। मैच के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'मैंने कोशिश की। इसकी शुरुआत मेट लाइफ स्टेडियम में हुई और यहीं इसका अंत हुआ।' नेमार ने अगस्त 2010 में मेटलाइफ स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ एक फ्रेंडली मैच में ब्राजील के लिए डेब्यू किया और अपना पहला इंटरनेशनल गोल किया।

**नेमार की फिटनेस बनी समस्या**- फीफा वर्ल्ड कप 2026 से पहले नेमार की फिटनेस चर्चा का विषय बनी हुई थी, लेकिन चिंताओं के बावजूद मुख्य कोच कार्लो एंसेलोटी ने उन्हें 26 सदस्यीय टीम में शामिल किया। दाहिने पैर की पिंडली में चोट लगने की वजह से नेमार टूर्नामेंट में ब्राजील के पांच मैचों में से सिर्फ दो में ही खेले। वह ग्रुप प्ले में स्कॉटलैंड के खिलाफ 15 मिनट तक मैदान पर रहे और नॉर्वे के खिलाफ 67वें मिनट में मैदान पर आए।

# 'उन्हें जेल में देखकर बहुत बुरा लगता है'

- पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर इमरान खान को लेकर कपिल देव ने जाहिर किया अपना दर्द

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान व पीएम इमरान खान को लेकर अपने मन की बात कही। एक इंटरव्यू के दौरान कपिल देव ने इमरान खान को लेकर खुलकर बातें की और बताया कि वो किस तरह से इंसान थे। कपिल देव ने साफ तौर पर कहा कि एक ऐसा खिलाड़ी जिसने अपने देश के लिए वर्ल्ड कप जीता और फिर देश का प्रधानमंत्री भी बना उसके साथ इस तरह का व्यवहार देखकर बुरा लगता है।

### इमरान की लाइफ स्टाइल को छू भी नहीं सकते

कपिल देव ने स्पोर्ट्स तक पर इंटरव्यू के दौरान पूछा गया कि क्या आपकी इमरान से दोस्ती थी तो उन्होंने कहा कि मैं ऐसा तो नहीं कहूंगा, लेकिन जब जरूरत होती थी हम बैठकर बात करते थे। वो भी पंजाबी थे और मुझे भी पंजाबी समझ में आती थी तो हम आसानी से एक-दूसरे की बात समझ लेते थे। इमरान खान की लाइफ स्टाइल को तो हम छू भी नहीं सकते। उनका लाइफस्टाइल काफी अलग था और ऐसा हमेशा रहा। इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट के दौरान भी ऐसा ही था।

# 'मेरे साथ कई बार धोखा हुआ'

### पृथ्वी शॉ की मंगेतर आकृति ने किसके लिए लिखा ऐसा, क्या दोनों की राहें हुई जुदा?





**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर पृथ्वी शॉ एक बार फिर से चर्चा में हैं। रविवार को उनकी मंगेतर आकृति अग्रवाल ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की जिसमें उन्होंने दावा किया कि उन्हें एक बार नहीं बल्कि कई बार धोखा दिया गया है। आकृति के इस पोस्ट के बाद पृथ्वी शॉ और उनके रिश्ते को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। आईपीएल 2026 सीजन से पहले जब दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें खिलाड़ियों की नीलामी में खरीदा था उससे पहले ही पृथ्वी शॉ और आकृति अग्रवाल की सगाई हो गई थी।

### क्या पृथ्वी और आकृति में हुआ अलगाव

आकृति ने क्रिकेटर पृथ्वी के साथ अपने रिश्ते को दिखाने के लिए अपने ऑफिशियल अकाउंट से कई पोस्ट शेयर किए थे। क्रिकेट फैंस को आकृति और पृथ्वी के रिश्ते के बारे में अच्छी तरह से पता है, लेकिन इन सारी बातों के बीच आकृति ने जो पोस्ट शेयर किया वो किसके लिए है ये बड़ा सवाल है। क्या दोनों की राहें जुदा हो गई है, हालांकि अब तक आधिकारिक तौर पर ऐसी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। आकृति ने अपने पोस्ट में लिखा कि मेरे साथ कई बार धोखा हुआ, फिर भी मैंने कभी कुछ नहीं कहा। अभी भी यकीन नहीं होता कि एक कदम आगे बढ़ने के बाद... सब कुछ सच है, हर अफवाह सच है। सोशल मीडिया पर आप उनके बारे में जो कुछ भी देखते हैं। जब आकृति ने लिखा कि सब सच है तो इंटरनेट यूजर्स ने आकृति और पृथ्वी के रिश्ते में कुछ गड़बड़ होने का अंदाजा लगाना शुरू कर दिया। हालांकि आकृति ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में किसी का नाम नहीं लिया। फिलहाल ना तो आकृति और ना ही पृथ्वी की तरफ से कोई आधिकारिक बयान आया है। दोनों में से किसी की भी तरफ से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया न मिलने के कारण लोगों को यह नहीं पता चला है कि आकृति को सार्वजनिक रूप से इतना दुखद संदेश क्यों साझा करना पड़ा। क्या सगाई के बाद भी उनका ब्रेकअप हो गया है ये सवाल सबके मन में कौंध रहा है।

